Investor Grievance E-mail: india-client-support@gs.com
Website: www.goldmansachs.com
Contact Person: Saurav S
SEBI Registration No.: INM000011054

HDFC Bank Limited
Investment Banking Group
Unit no. 701, 702 and 702-A, 7th Floor, Tower 2 and 3
One International Centre, Senapati Bapat Marg, Prabhadevi
Mumbai - 400 013, Maharashtra, India
Tel: +91 22 3395 8233
E-mail: jioplatforms.ipo@hdfc.bank.in
Investor Grievance E-mail: investor.redressal@hdfcbank.com
Website: www.hdfc.bank.in
Contact Person: Bharti Ranga/ Souradeep Ghosh
SEBI Registration No.: INM000011252

HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited
52/60, Mahatma Gandhi Road, Fort, Mumbai - 400 001
Maharashtra, India
Tel: +91 22 6864 1289
E-mail: jplipo@hsbc.co.in
Investor Grievance E-mail: investorgrievance@hsbc.co.in
Website: www.business.hsbc.co.in
Contact Person: Harsh Thakkar/ Harshit Tayal
SEBI Registration No.: INM000010353

ICICI Securities Limited
Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai - 400 025
Maharashtra, India
Tel: +91 22 6807 7100
E-mail: jioplatforms.ipo@icicisecurities.com
Investor Grievance E-mail: customercare@icicisecurities.com
Website: www.icicisecurities.com
Contact Person: Ramesh Vaswana / Soumavo Sarkar
SEBI Registration No.: INM000011179

IIFL Capital Services Limited
(formerly known as IIFL Securities Limited)
24th Floor, One Lodha Place
Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West), Mumbai - 400 013
Maharashtra, India
Tel: +91 22 4646 4728
E-mail: jio.ipo@iiflcap.com
Investor Grievance E-mail: ig.ib@iiflcap.com
Website: www.iiflcapital.com
Contact Person: Gaurav Mittal/ Pawan Kumar Jain
SEBI Registration No.: INM000010940

Jefferies India Private Limited
Level 16, Express Towers
Nariman Point, Mumbai - 400 021, Maharashtra, India
Tel: +91 22 4356 6000
E-mail: Jio.Platforms.IPO@jefferies.com
Investor Grievance E-mail: jipl.grievance@jefferies.com
Website: www.jefferies.com
Contact Person: Akshat Shah/ Meghna Biju
SEBI Registration No.: INM000011443

JM Financial Limited
7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg
Prabhadevi, Mumbai - 400 025, Maharashtra, India
Tel: +91 22 6630 3030
E-mail: jpl.ipo@jmfl.com
Investor Grievance E-mail: grievance.ibd@jmfl.com
Website: www.jmfl.com
Contact Person: Prachee Dhuri
SEBI Registration No.: INM000010361

J.P. Morgan India Private Limited
J.P. Morgan Towers
Off C.S.T Road, Kalina, Santacruz (East),
Mumbai - 400 098 Maharashtra, India
Tel: +91 22 6157 3000
E-mail: JIO_IPO@jpmorgan.com
Investor Grievance E-mail: investorsmb.jpmipl@jpmorgan.com
Website: www.jpmipl.com
Contact Person: Shivam Goel/ Rishank Chheda
SEBI Registration No.: INM000002970

SBI Capital Markets Limited
1501, 15th Floor, A & B Wing, G Block,
Parinee Crescenzo, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai - 400 051 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4006 9807
E-mail: jio.ipo@sbicaps.com
Website: www.sbicaps.com
Investor Grievance E-mail: investor.relations@sbicaps.com
Contact Person: Krithika Shetty/ Prashant Patankar
SEBI Registration No.: INM000003531

UBS Securities India Private Limited
Unit 2901, Level 29, Altimus,
Dr. GM Gokhale Marg /
Pandurang Budhkar Road,
Worli, Mumbai - 400 018, Maharashtra, India
Tel: +91 22 6155 6000
E-mail: OL-jioipo@ubs.com
Website: www.ubs.com/indiaoffers
Investor Grievance E-mail: igbmindia@ubs.com
Contact Person: Vidhit Patni
SEBI Registration No.: INM000013101

360 ONE WAM Limited
360 ONE Centre, Kamala City
Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West),
Mumbai - 400 013 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4031 7000
Email: jioplatforms.ipo@360.one
Investor Grievance E-mail: mbinvestorcomplaints@360.one
Website: www.360.one
Contact Person: Devesh Patkar
SEBI Registration No.: INM000012801

REGISTRAR TO THE ISSUE

KFin Technologies Limited
Selenium Tower-B, Plot No. 31 & 32, Gachibowli,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally
Hyderabad - 500 032, Telangana, India
Tel: + 91 40 6716 2222/ 1800 309 4001
E-mail: jioplatforms.ipo@kfintech.com
Investor Grievance E-mail: einward.ris@kfintech.com
Website: www.kfintech.com
Contact Person: Williams R
SEBI Registration No.: INR000000221

Company Secretary
Ms. Savithri Parekh

Compliance Officer
Mr. Venkataraman Ramachandran

TC-22, 5th Floor, A Wing, Reliance Corporate Park,
Thane Belapur Road, Ghansoli,
Navi Mumbai 400 701Maharashtra, India
Tel: +91 22 7967 0000
E-mail: jpl.investorrelations@jio.com

Investors may contact the Company Secretary or Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related grievances including non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc. For all Issue related queries and for redressal of complaints, investors may also write to the BRLMs.

Continued on next page...

...continued from previous page.

AVAILABILITY OF THE RHP:

Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: +91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Suncae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 22, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

भाजपा बोली- कांग्रेस न राष्ट्रपति का सम्मान करती है, न संविधान और न्यायपालिका का

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, कांग्रेस का चरित्र सदैव से भारतीय परम्पराओं और देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध रहा है। भारत की सनातन परंपरा 'अतिथि देवो भवः' की रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज इस परंपरा को स्वीकार करने से क्यों कतराते हैं। श्री ठाकुर ने कहा, देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बस्तर दौरा पूरे छत्तीसगढ़, समस्त प्रदेशवासियों और विशेषकर आदिवासी व जनजातीय समाज के लिए अत्यन्त सौभाग्य और गर्व का विषय है। ऐसे अवसर पर राष्ट्रपति का हृदय से स्वागत करने के बजाय कांग्रेस का जो नकारात्मक रुख सामने आ रहा है, वह अत्यन्त निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस आखिर क्यों भारतीय परम्पराओं को नहीं मानती? कांग्रेस न देश की राष्ट्रपति को स्वीकार करना चाहती है, न देश के प्रधानमंत्री का सम्मान करती है। कांग्रेस को न चुनाव आयोग पर विश्वास है, न सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) पर और न ही बाबा साहेब के बनाए भारतीय संविधान पर। आखिर कांग्रेस के लोग हमेशा देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने को क्यों उतावले रहते हैं और देश को तोड़ने का प्रयास क्यों करते रहते हैं।

ईवी सब्सिडी के आवेदन नहीं करने पर ओला को परिवहन विभाग का नोटिस

रायपुर। परिवहन विभाग द्वारा ओला इलेक्ट्रिक, छत्तीसगढ़ के संबंध में वाहन पंजीयन एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की सब्सिडी से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लिया गया है। कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन हजार से ज्यादा गाड़ियों का पंजीयन लंबित है। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए निर्धारित ईवी सब्सिडी के लिए आवेदन भी प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। इसके कारण संबंधित वाहन स्वामियों को शासन की सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उक्त मामलों में कंपनी द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नहीं किए जाने एवं पंजीयन तथा सब्सिडी संबंधी प्रक्रियाओं में लापरवाही को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। कंपनी को निर्धारित समय-सीमा में अपना पक्ष प्रस्तुत करने तथा लंबित मामलों के संबंध में आवश्यक स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वाहन पंजीयन एवं सब्सिडी से संबंधित प्रक्रियाओं का समय पर पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है।

बारदाना की कीमत हुई दोगुनी, 80-85 रुपए की जगह अब 145-150 रुपए के भाव से खरीदी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के लिए प्रदेशभर के लिए अब तक 3.50 लाख गठान बारदाना क्रय किए गए

छत्तीसगढ़ में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से होने की संभावना है। धान खरीदी के पहले राज्य सरकार इसकी तैयारियों के साथ बारदानों की व्यवस्था में जुटी हुई है। इसके तहत पुराने बारदानों की खरीदी के साथ नए बारदानों की भी खरीदी की जा रही है। अधिकारिक सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार इस बार नए बारदाना की खरीदी कर ली गई है। अब तक साढ़े तीन लाख गठान बारदानों की खरीदी हुई है, लेकिन इस साल नए बारदानों की खरीदी ने सरकार के खर्च का बजट बढ़ा दिया है। इस बार प्रति बारदाना 145 रुपए से लेकर 150 रुपए के भाव से क्रय किया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना है, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 80 से लेकर अधिकतम 85 रुपए प्रति बारदाना के भाव से खरीदी हुई थी। इस तरह एक साल के भीतर बारदाना का भाव दोगुना हो गया है।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अभी तक तारीख की घोषणा नहीं हुई है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी दिनों में कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी की तारीख का ऐलान हो सकता है। हालांकि पिछले वर्ष 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हुई थी। इसे देखते हुए इस बार भी इसी तारीख से धान की खरीदी शुरू होने की संभावना है। तारीख की घोषणा जरूर अभी तक नहीं हुई है, लेकिन शासन स्तर पर धान खरीदी की तैयारियां अक्टूबर से शुरू कर दी गई हैं। इसके तहत उचित मूल्य दुकानों के पीडीएस के पुराने बारदानों की खरीदी की जा रही है, वहीं मिलरों को भी बचे हुए पुराने बारदाने जमा



करने के लिए कहा गया है।

सूत्र के अनुसार बारदाना की खरीदी भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से होती है। इसके लिए बारदाना की दर निर्धारित कर टेंडर जारी होते हैं। इसी टेंडर के आधार पर राज्य सरकार नए बारदानों की खरीदी करती है। बताया जा रहा है कि धान खरीदी में इस्तेमाल किए जाने वाले नया बारदाना की कीमत 145 से 150 रुपए निर्धारित की गई है। इसी भाव से बारदानों की खरीदी हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी बारदाने की कीमत 80 से 85 रुपए निर्धारित थी। इस तरह सालभर में इसकी कीमत लगभग दोगुनी कर दी गई है। बारदाना की कीमत दोगुनी होने से इसकी खरीदी में होने वाले खर्च की राशि भी दोगुनी हो गई है।

प्रत्येक गठान में 500 बारदाने

प्रदेशभर में अब तक 3 लाख 50 हजार गठान बारदानों की खरीदी की गई है। प्रत्येक गठान में 500 बारदाने होते हैं। इस तरह 17 करोड़ 50 लाख नए बारदानों की खरीदी हुई है।

50-50 प्रतिशत रेशो में नए-पुराने बारदाने उपार्जन केंद्रों को कराए जाते हैं उपलब्ध

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी करने के लिए प्रत्येक उपार्जन केंद्र में नए और पुराने बारदाने 50 प्रतिशत के रेशो में उपलब्ध कराया जाता है। समितियों के माध्यम से ये बारदाने धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। किसानों को भी 50 प्रतिशत रेशो में ही नए और पुराने बारदाने दिए जाते हैं।

पुराना बारदाना 25 रुपए के भाव से खरीदी

नागरिक आपूर्ति विभाग नए बारदाना के साथ पुराना बारदाना भी क्रय कर रहा है। उचित मूल्य दुकानों से पीडीएस का पुराना बारदाना 25 रुपए की दर से क्रय किया जा रहा है। इस तरह नए एवं पुराने बारदानों की खरीदी में हर साल शासन पर करोड़ों रुपए का भार पड़ता है।

प्रदेश में कृषि पंपों के फीडर किए जा रहे अलग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

- साढ़े तीन लाख कनेक्शन हो चुके हैं अलग, अभी पांच लाख कनेक्शन बाकी

प्रदेश में इस समय साढ़े आठ लाख कृषि पंपों के कनेक्शन हैं। इसके कनेक्शन और गांवों के घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शन एक ही फीडर में होने के कारण कृषि पंपों को भी 24 घंटे बिजली देनी पड़ती है। ऐसे में जब भी बिजली का संकट आता है, तो उद्योगों की बिजली को कट करना पड़ता है। जिन राज्यों में कृषि पंपों के कनेक्शन अलग हैं, वहां दिन के समय में कृषि पंपों को बिजली देने के कारण परेशानी नहीं होती। प्रदेश में करीब साढ़े तीन लाख कृषि पंपों के कनेक्शनों के फीडरों को अलग किया जा चुका है। अब भी पांच लाख कनेक्शन बचे हैं। इनको केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत अलग करने का काम चल रहा है।



प्रदेश में बीते डेढ़ माह से बिजली संकट की स्थिति बनी, तो एक बार फिर से उद्योगों पर आफत आई। पहली बार अक्टूबर में उद्योगों की 14 से 15 घंटों तक बिजली कटौती की गई। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह रहा है कि कृषि पंपों को बिजली देने के कारण उद्योगों की बिजली कट की गई।

फीडर अलग न होने से परेशानी

प्रदेश में पॉवर कंपनी ने कृषि पंपों के लिए जो कनेक्शन दिए हैं, वो कनेक्शन आमतौर पर गांवों के उन फीडरों से ही दिए गए हैं जिन फीडरों से गांवों के घरेलू और गैर घरेलू कनेक्शन भी हैं। ऐसे में चाहकर भी पॉवर कंपनी जरूरत के समय कृषि पंपों की बिजली कट नहीं कर सकती है। जानकारों के मुताबिक दूसरे राज्यों में कृषि पंपों के फीडर अलग होने के कारण वहां पर दिन के समय में ही कृषि पंपों को बिजली दी जाती है। रात के समय वैसे भी कृषि पंप चलते नहीं हैं। ऐसे में कृषि पंपों की बिजली काम आ जाती है। लेकिन छत्तीसगढ़ में अलग फीडर न होने के कारण परेशानी होती है। अब इस परेशानी को देखते हुए ही कृषि पंपों के फीडरों को फिर से तेजी से अलग करने का काम पॉवर कंपनी ने करने का फैसला किया है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक उन स्थानों में कृषि पंपों के कनेक्शनों को अलग करने में परेशानी नहीं होगी, जहां पर ज्यादा संख्या में कनेक्शन हैं, लेकिन प्रदेश में बस्तर और सरगुजा के कई गांव ऐसे भी हैं, जहां पर दो-चार ही कृषि पंप हैं, ऐसे में इनके कनेक्शन अलग नहीं हो सकेंगे, क्योंकि नए फीडर का खर्च ज्यादा आता है।

फीडर अलग करने का चल रहा है काम

आरडीएसएस योजना में कृषि पंपों के फीडरों को घरेलू कनेक्शन से अलग करने का काम चल रहा है। पहले करीब साढ़े तीन लाख कनेक्शन अलग किए जा चुके हैं, अभी पांच लाख कनेक्शन बचे हैं। इनको अलग किया जाएगा।

– **भीम सिंह कंवर,** एमडी, वितरण कंपनी\

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी शहर में स्वागत होर्डिंग्स लगाने से किया मना

भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति का होगा भव्य स्वागत एक हजार कार्यकर्ताओं की निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी दो दिनों के प्रवास पर 25 अक्टूबर की सुबह रायपुर पहुंचने वाली हैं। नई प्रदेश प्रभारी और साथ में आ रहे सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के स्वागत को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने बड़ी तैयारी की है। इसके लिए रायपुर शहर जिला और ग्रामीण को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भव्य स्वागत के लिए माना विमानतल पर पांच हजार से ज्यादा की भीड़ एकत्रित करने का लक्ष्य है। इसी के साथ भाजपा के एक हजार कार्यकर्ता बाइक रैली निकालेंगे। यह रैली विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक प्रदेश प्रभारी के वाहन के सामने चलेगी। रास्ते में भी स्वागत किया जाएगा।

भाजपा को आठ माह बाद जाकर अब नया प्रदेश प्रभारी मिला है। नए प्रभारी की नियुक्ति के पहले तक राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ही प्रदेश प्रभारी थे। अब नई प्रदेश प्रभारी का दो दिनों का दौरा बना है। प्रदेश प्रभारी ने दौरे में आने से पहले ही यह फरमान जारी कर दिया है कि उनके स्वागत में कहीं भी एक भी होर्डिंग्स न लगाई जाए। इसके बाद अब तैयारी के लिए बैठक में प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी साफ शब्दों में कह दिया है कि शहर में स्वागत को लेकर एक भी होर्डिंग्स नहीं लगेगी। लेकिन शहर में विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक और शहर में भाजपा के झंडे जरूर लगेंगे।

पांच हजार से ज्यादा कार्यकर्ता जाएंगे विमानतल

प्रदेश प्रभारी के स्वागत को भव्य बनाने के लिए रायपुर के 20 मंडलों से पांच हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को विमानतल पर लाने की जिम्मेदारी मंडलों के अध्यक्षों को दी गई है। इसी के साथ रायपुर नगर निगम और बीरगांव नगर निगम के पार्षद भी अपने समर्थकों के साथ विमानतल पहुंचेंगे। रायपुर जिले की आठ विधानसभाओं के भाजपा विधायकों के समर्थक भी बड़ी संख्या में विमानतल पहुंचेंगे। विमानतल पर स्वागत में प्रदेश के कई मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारियों के साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी रहेंगे।

नियमों की अनदेखी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की चेतावनी, तीन साल की समय-सीमा मिली, फिर भी नहीं लगवाया जीपीएस

न जीपीएस, न पैनिक बटन,170 यात्री बसों का परमिट रद्द

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

यात्रियों की सुरक्षा में लापरवाही तथा परिवहन नियमों की अनदेखी करने के मामले में 170 बसों का परिवहन विभाग ने परमिट निरस्त कर दिया है। आरोप है कि बस ऑपरेटरों ने अपनी बसों में जीपीएस और पैनिक बटन नहीं लगाए थे, इसलिए उन बसों का परमिट निरस्त किया गया है। इसकी पुष्टि अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने की है। साथ ही इन सभी को ब्लैकलिस्टेड भी कर दिया गया है। अब ये बसें देशभर और प्रदेश की किसी भी सड़क पर नहीं दौड़ पाएंगी। बस संचालकों द्वारा बगैर जीपीएस और पैनिक बटन के बसों को चलाने की जानकारी मिलने पर परिवहन विभाग द्वारा 3 महीने विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही उन्हें नोटिस और चेतावनी दी गई। इसके बाद भी बस मालिकों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 2019 में आदेश दिया था कि सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस, टैक्सी, स्कूल वैन में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) यानी जीपीएस और इमरजेंसी पैनिक बटन लगाना अनिवार्य है। इसे लगवाने का उद्देश्य था कि अगर बस का एक्सीडेंट हो या महिला यात्री के साथ कोई अनहोनी हो तो तुरंत लोकेशन के साथ पुलिस तक अलर्ट पहुंचे। छत्तीसगढ़ में इसे लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने बस मालिकों को 3 साल का समय दिया था, लेकिन बस मालिक इसे टालते रहे।

शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों में वीएलटीडी



लगाने जुलाई से सितंबर तक प्रदेशभर में मेगा अभियान चलाया गया। उड़नदस्ता टीम और आरटीओ द्वारा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर बसों को रोककर चेक किया गया। इस दौरान कई खामियां पाई गईं। इस दौरान चालानी कार्रवाई कर पहले चरण में 300 बसों को 15 दिन की मोहलत देते हुए अंतिम नोटिस जारी किया गया। उनमें से 140 बसों ने तुरंत जीपीएस लगवाकर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा लिया, लेकिन 170 बस मालिकों ने नोटिस की अनदेखी की, जिसके बाद उन बसों का परमिट रद्द करने की कार्रवाई की गई। जिन बसों का परमिट निरस्त किया गया है, उन बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। इन बसों को संचालित करते पाए जाने पर उन्हें जब्त कर कार्रवाई की जाएगी और बस मालिक पर 10 हजार रुपए जुर्माना तथा 6 महीने की सजा का प्रावधान है। जिन बस मालिकों का परमिट निरस्त किया गया है, उन बसों के मालिक को अपनी बसों में जीपीएस और पैनिक बटन लगवाना होगा, फिर पोर्टल पर लाइव दिखाना होगा। उसके बाद पांच हजार रुपए पेनल्टी और नए सिरे से परमिट के लिए आवेदन करने पर सुनवाई के बाद ही परमिट जारी करने विचार किया जाएगा। वीएलटीडी सिर्फ एक डिवाइस नहीं, यात्रियों की सुरक्षा की गारंटी है। पिछले साल कवर्धा में एक बस हादसे में जीपीएस नहीं होने से 3 घंटे तक पता ही नहीं चला कि बस कहां है। बस में वीएलटीडी होने पर 5 मिनट में लोकेशन मिल जाता। वहीं महिला सुरक्षा के लिए पैनिक बटन सबसे जरूरी है। बटन दबाते ही 112 पर कॉल चला जाता है और नजदीकी थाने व आरटीओ कंट्रोल रूम को बस का लाइव लोकेशन मिल जाता है। बसों में अनिवार्य रूप से वीएलटीडी, पैनिक बटन लगाने का प्रमुख कारण यह भी है कि बस परमिट के हिसाब से अपनी टाइमिंग में तय रूट पर चल रही है कि नहीं, इसका लाइव लोकेशन परिवहन विभाग के अधिकारियों को मिलता रहता है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

आज बालोद में होगा हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



विजय शर्मा



भोजराज नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद बालोद में 23 अक्टूबर को होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई साल पूर्ण होने पर जिले के विकास एवं समस्याओं पर बेबाकी से चर्चा की जाएगी। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जिले के प्रभारी एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद भोजराज नाग समेत जिले के विधायकों,स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग संवाद करेंगे।

जिला मुख्यालय में स्थित माहेश्वरी भवन में अपराहन 04:30 बजे से आयोजित जिला संवाद में कुल सात सत्र होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 4:30 बजे से आई.एनएच में किया जाएगा। पहले सत्र में व्यापार-उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे शख्सियतों से उनके क्षेत्र में ▶▶शेष पेज 8 पर

1876 में ब्रिटिश नीतियों और दीवान के खिलाफ उपजी नाराजगी के चलते शासक ने बुलाई थी बैठक

ब्रिटिश काल में मुरिया विद्रोह से जन्मा था 'दरबार'...पहले महाराजा सुनते थे शिकायतें, आज सुनेंगी राष्ट्रपति

सुरेश रावल ▶▶ जगदलपुर

बस्तर दशहरा दुनिया भर में अपने अनोखे स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 75 दिनों तक चलने वाला यह दुनिया का सबसे लंबा त्योहार माना जाता है। इस विशाल और ऐतिहासिक पर्व का सबसे महत्वपूर्ण और अंतिम आकर्षण होता है मुरिया दरबार। यह दशहरा के समापन अवसर पर लगने वाली एक विशाल जन-सभा है। यह बस्तर की ▶▶शेष पेज 8 पर

अलग खबर



फाइल फोटो

आज अधिकारी करते हैं निराकरण

रियासत काल में राजा महाराजा मुरिया दरबार में आदिवासियों की समस्याओं को सुनकर मौके पर निराकरण करते थे लेकिन आज बड़े अधिकारी कमिश्नर,कलेक्टर और अन्य समस्याओं को सुनकर समाधान करते हैं। मुरिया दरबार के स्वरूप में कुछ भिन्नता दिखती है लेकिन उद्देश्य वहीं है। 600 साल से दशहरा के समापन अवसर पर सीरासार में मुरिया दरबार का विधान बदस्तूर जारी है।

रूद्र नारायण पानीग्राही, इतिहासकार

राष्ट्रपति मुरिया दरबार में करेंगी संवाद

जगदलपुर। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा के इतिहास में शुक्रवार को एक स्वर्णिम और अभूतपूर्व अध्याय जुड़ने जा रहा है, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सिरहासार में आयोजित होने वाले पारंपरिक मुरिया दरबार में उपस्थिति दर्ज कराएंगी। बस्तर की सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा और लोकतांत्रिक व्यवस्था के इस ऐतिहासिक मंच पर पहुंचने वाली वे पहली राष्ट्रपति होंगी। इस गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रपति बस्तर अंचल के पारंपरिक सामाजिक संरक्षकों और जनप्रतिनिधियों, मांझी-चालकी, नाइक-पाइक और मेंबर-मेंबरिन से रूबरू होकर उनसे संवाद करेंगी।

नक्सलवाद मुक्ति पर बोलीं राष्ट्रपति- जहां कभी आतंक का अंधेरा था, वहां आज विकास का उजियारा फैल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं से ऊंचे सपने देखने, नए विचार अपनाने और अपने व्यक्तिगत प्रयासों को देश के विकास के लक्ष्यों से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ज्ञान के साथ विनम्रता, महत्वाकांक्षा के साथ नैतिकता और सफलता के साथ सेवा-भाव को जोड़ना जरूरी है। राष्ट्र का निर्माण केवल बड़े निर्णयों से नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों के छोटे-छोटे ईमानदार प्रयासों से होता है। उन्होंने नक्सलमुक्त बस्तर का जिक्र करते हुए कहा कि पहले जहां आतंक का अंधेरा था, वहां आज विकास का उजियारा फैल रहा है।

राष्ट्रपति गुरुवार को नुआखाई महोत्सव के अवसर पर ▶▶शेष पेज 8 पर

नुआखाई महोत्सव में बोलीं- अन्न का सम्मान, किसानों के योगदान की स्वीकृति और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा सबका दायित्व

अन्न का सम्मान करना सामूहिक जिम्मेदारी

राष्ट्रपति ने कहा, नुआखाई पर्व कृषि परंपराओं को सहेजने, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और सामुदायिक एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। अन्न केवल भूख मिटाने का साधन नहीं, बल्कि किसानों के परिश्रम, धरती की उदारता और प्रकृति के अनमोल उपहार का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अन्न का सम्मान करना, किसानों के योगदान को स्वीकार करना और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना हम सबका सामूहिक दायित्व है।



नक्सलवाद से मुख्यधारा में लौटे युवाओं पर जताई प्रसन्नता

राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से प्रभावित युवाओं के मुख्यधारा में लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों तथा युवाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति से सकारात्मक बदलाव आया है। जहां कभी आतंक का अंधेरा था, वहां आज विकास का उजियारा फैल रहा है। उन्होंने कहा, इस बदलाव से युवाओं और उनके परिवारों के कल्याण के साथ राज्य तथा देश के विकास को भी गति मिल रही है।

राष्ट्रपति का जीवन बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा कि उनका संघर्ष, सादगी और सेवाभाव देश की बेटियों, युवाओं तथा जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और नवाचार के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर दे रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पांच नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं। नवा रायपुर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जा रहा है और राज्य एआई मिशन के तहत छह लाख विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये का स्टार्टअप फंड भी बनाया गया है। ▶▶शेष पेज 8 पर

मुरिया दरबार में लोकतंत्र और लोक परंपरा का संगम

राष्ट्रपति भवन से बस्तर तक, जनजातीय अस्मिता का गौरवपूर्ण संवाद

छत्तीसगढ़ के बस्तर में 23 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण अवसर आने जा रहा है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में शामिल होंगी। मां दंतेश्वरी की आ रु था , जनजातीय समाज की सदियों पुरानी परंपराओं और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ा यह आयोजन इस बार विशेष राष्ट्रीय महत्व ग्रहण कर रहा है। स्वयं जनजातीय समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति की उपस्थिति बस्तर की सांस्कृतिक विरासत और देश की संवैधानिक चेतना के बीच एक जीवंत कड़ी ▶▶शेष पेज 8 पर

खास खबर

जनजातीय समाज से राष्ट्रपति भवन तक की प्रेरक यात्रा

ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में संथाल जनजातीय परिवार में जन्मीं श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की जीवनयात्रा भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक प्रतिनिधित्व के विस्तार की महत्वपूर्ण कहानी है। एक साधारण जनजातीय परिवेश से शिक्षा, सार्वजनिक जीवन और संवैधानिक दायित्वों की लंबी यात्रा तय करते हुए वे 25 जुलाई 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति बनीं। देश की पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति के रूप में उनका निर्वाचन उन समुदायों के प्रतिनिधित्व की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, जिनकी सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत भारतीय सभ्यता का अभिन्न हिस्सा रही है। यहां जनजातीय समाज की पहचान केवल लोकनृत्य, वेशभूषा या उत्सवों तक सीमित नहीं है। यह पहचान प्रकृति के साथ सहअस्तित्व, सामुदायिक निर्णय की परंपरा, लोक आस्था, पारंपरिक ज्ञान और सामाजिक सहभागिता से निर्मित हुई है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की लगभग ▶▶शेष पेज 8 पर

अचानक बस हुई अनियंत्रित, पेड़ से भिड़ी गर्भ के शिशु समेत 6 की मौत, 20 घायल

मनेन्द्रगढ़-जनकपुर मार्ग पर हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में गुरुवार को दोपहर भीषण सड़क हादसे बस मालिक समेत 6 यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनका उपचार जारी है। पसोरी-केल्हारी से मनेन्द्रगढ़ की ओर आ रही तेज रफ्तार यात्री बस सेमरमथानी मोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है, ▶▶शेष पेज 8 पर



सीएम साय ने दुख जताया

इनकी हुई मौत

- बस मालिक सिपाही लाल
- नेहा पनिका 12 वर्ष, निवासी रोझी
- मधु पनिका 9 वर्ष, निवासी रोझी
- पंच राम 7 वर्ष, निवासी गुडरू, कछोड़
- संगीता पाव 30 वर्ष, निवासी गुडरू, कछोड़
- गर्भवती महिला के पेट में शिशु



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 6 लोगों के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सीएम साय ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से 5-5 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।



राहुल-प्रियंका ने किया फालो

इंस्टाग्राम पर सोनिया की दस्तक, साझा की पुस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया में दस्तक देते हुए अपने 'इंस्टाग्राम' पेज की शुरुआत की और अपनी पुस्तक की पहली झलक साझा की। उन्होंने पहली बार किसी सोशल मीडिया मंच ▶▶शेष पेज 8 पर

पहली पोस्ट में लिखा...

सोनिया गांधी ने इंस्टाग्राम पर अपनी पहली पोस्ट में आगामी पुस्तक 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' की प्रतियां प्राप्त करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। उन्होंने पोस्ट में कहा, सभी को नमस्कार। इस पल को आप सभी के साथ साझा करते हुए मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। यह 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' की पहली झलक है।

साड़ी पहनकर फायरिंग, आईजी ने एसपी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विजयदशमी के अवसर पर पुलिस विभाग में वर्षों पुरानी शस्त्र पूजा की परंपरा के दौरान फायरिंग को लेकर उपजे विवाद के बीच पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है।

- शस्त्र पूजा की परंपरा के दौरान फायरिंग को लेकर उपजा विवाद

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के बीते दिनों शस्त्र पूजा के दौरान भारतीय परिधान नीली साड़ी पहनकर एके-47 राइफल चलाने का वीडियो देशभर में तेजी से वायरल हुआ है । इस वीडियो को लेकर मिलीजुली



प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई लोग इसे नियमों का उल्लंघन बता रहे हैं तो कुछ लोग नारी शक्ति और साड़ी में भी उनके जुनून और जज्बे को सलाम कर रहे हैं। भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल द्वारा इसे बुनियादी वेपन ड्रिल की अनदेखी बताई गई। ▶▶शेष पेज 8 पर

मांगा गया स्पष्टीकरण

इस मामले में आईजी अजय यादव का कहना है कि विजयदशमी पर हर्ष फायर किया गया था, जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो में आई विभिन्न प्रकार की टिप्पणियों को दृष्टिगत रखते हुए नकारात्मक टिप्पणी को पुलिस की गरिमा के अनुरूप नहीं पाते हुए सुरक्षा नियमों की अनदेखी को लेकर स्पष्टीकरण के लिए उनसे जवाब मांगा गया है, जिसे पुलिस मुख्यालय को भेजा जाएगा।

चिंतन

कुछ तो गंभीर चल रहा है सावधानी रखनी होगी



मुद्दा
रविन्द्र श्रीवास्तव

वैश्विक कूटनीति और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले कुछ समय से जो सुगबुगाहट चल रही थी, वह अब एक बेहद खतरनाक और सुनियोजित नेटवर्क के रूप में सामने आने लगी है। अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की हालिया रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' ने जिन तथ्यों को उजागर किया है, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी भी हैं। फ्रांस की सड़कों पर भड़के दंगे और भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों के तार आपस में जुड़े हुए हैं। यह कोई स्थानीय या स्वतः स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि 9 देशों के 101 संगठनों का एक ऐसा 'सीक्रेट नेटवर्क'है, जिसका मकसद लोकतांत्रिक सरकारों को अस्थिर करना और अराजकता फैलाना है। इस पूरे खेल को समझने के लिए इसके फंडिंग और वैचारिक पैटर्न को देखना होगा। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को 'रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम' नाम दिया है, जहां 'रेड' (वामपंथी-कम्युनिस्ट ताकतें) और 'ग्रीन' (इस्लामी संगठन) एक साझा एजेंडे के तहत साथ आए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अराजकता की आर्थिक कमान चीन के शंघाई में बैठे अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम के हाथों में बताई जा रही है। सिंघम पर पहले भी भारत विरोधी नैरेटिव और वामपंथी संगठनों को फंडिंग करने के आरोप लगते रहे हैं। अब उनकी पत्नी और 'कोडपिंक' की सह-संस्थापक जोडी इवांस के बयानों से साफ है कि फ्रांस, स्पेन और भारत के प्रदर्शनों को एक सोची-समझी रणनीति के तहत हवा दी जा रही है, ताकि आम जनता को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया जा सके। इस कूटनीतिक और सुरक्षात्मक विमर्श का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि इस नेटवर्क ने युवाओं और छात्रों को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्र समूहों के पास होना और 20 नवंबर को यूरोप में प्रस्तावित 'इंटरनेशनल यूथ स्ट्राइक' इस बात का सबूत है कि युवाओं की ऊर्जा को पूंजीवाद और लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ मोड़ने की गहरी साजिश रची जा रही है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग हो या भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ 'चुनाव आयोग' पर हमला, दोनों का पैटर्न एक जैसा है। संस्थाओं की विश्वसनीयता को खत्म करो और अराजकता का माहौल बनाओ। भारत के परिप्रेक्ष्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सत्तापक्ष जहां इसे देश के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय साजिश बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे ध्यान भटकाने की कवायद करार दे रहा है। राजनीति अपनी जगह हो सकती है, लेकिन एक संप्रभु राष्ट्र के नाते भारत इस प्रकार के इनपुट को हल्के में नहीं ले सकता। अतीत में भी टूलकिट और विदेशी फंडिंग के जरिए देश के आंतरिक माहौल को बिगाड़ने के प्रयास देखे जा चुके हैं। जब विदेशी ताकतें देश के भीतर चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बनाने लगें, तो यह मामला दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा का बन जाता है। कहा जा सकता है कि वैश्विक पटल पर 'कुछ तो गंभीर चल रहा है।' दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को अधिक सावधानी रखनी होगी। खुफिया एजेंसियों को डिजिटल मैप्स, टेलीग्राम नेटवर्क्स और विदेशी फंडिंग के स्रोतों पर पैनी नजर रखनी होगी, ताकि देश की संप्रभुता पर कोई आंच न आए। अगर आज इस 'अराजकता के सिंडिकेट' को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में लोकतंत्रों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

> सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए।

लोकतंत्र का लुप्त होता स्तंभः जवाबदेही

एक विचित्र विरोधाभास सामने आता है। सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए। किसी लोकतंत्र में चुनाव हो सकते हैं, स्वतंत्र न्यायपालिका, संवैधानिक निकाय और विस्तृत कानून भी हो सकते हैं। फिर भी, यदि सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग करने वाले लोग अपनी शक्तियों के उपयोग के तरीके के प्रति पर्याप्त रूप से जवाबदेह नहीं हैं, तो धीरे-धीरे नागरिकों का विश्वास कम हो सकता है।

लोकतंत्र के लिए वास्तविक खतरा केवल शक्ति का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि ऐसी शक्ति भी है, जिसके प्रयोग का कोई स्पष्टीकरण न हो, जिसमें पारदर्शिता का अभाव हो और जिसके दुरुपयोग या विफलता के कोई परिणाम न हों। इस बात पर कोई दो राय नहीं हो सकती कि न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतंत्र होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और सरकारों से स्वतंत्र होना चाहिए। संवैधानिक प्राधिकारियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। संसद को कार्यपालिका के कार्यों की जांच और समीक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। फिर भी, इनमें से प्रत्येक संस्था अपनी वैधता संविधान से और अंततः जनता से प्राप्त करती है। भारत में लोकतंत्र का संचालन कई कठिन सच्चाइयों को सामने लाता है। सब कुछ ठीक नहीं है। लोग यह प्रश्न क्यों पूछते हैं कि क्या गलत हो रहा है? उन्हें इन प्रश्नों के उत्तर मिलने चाहिए। जनता का विश्वास जवाबदेही की माँग करता है। जवाबदेही समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे तंत्र विकसित करना है, जो संस्थाओं की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखते हुए उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करें। जवाबदेही की दिशा में पहला कदम पारदर्शिता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ने नागरिकों को जानने का अधिकार दिया है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को इससे एक कदम आगे बढ़ना होगा। जानने का अधिकार, प्रश्न पूछने के अधिकार में बदलना चाहिए और प्रश्न पूछे जाने के बाद संस्थाओं का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे उत्तर दें और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें।

भारत को व्यापक सार्वजनिक चर्चा के बाद एक स्वतंत्र संवैधानिक जवाबदेही आयोग स्थापित करने पर विचार करना चाहिए। इस आयोग के गठन में पर्याप्त संवैधानिक सुरक्षा उपाय होने चाहिए और इसे राजनीतिक तथा कार्यपालिका के दैनिक हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। इस आयोग का उद्देश्य न्यायिक निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनना या संवैधानिक प्राधिकारियों के वैध कार्यों तथा विवेकाधिकार में



हस्तक्षेप करना नहीं होना चाहिए। इसका कार्यक्षेत्र अधिक सीमित, लेकिन अधिक बुनियादी होना चाहिए। इसमें संस्थाओं द्वारा अपनी संवैधानिक और वैधानिक जिम्मेदारियों के अनुपालन की निगरानी करना, व्यवस्थागत कमियों की पहचान करना, निष्कर्ष प्रकाशित करना तथा सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव देना शामिल होना चाहिए।

प्रत्येक प्रमुख संवैधानिक संस्था को वार्षिक संवैधानिक प्रदर्शन रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में स्पष्ट और आसानी से समझ में आने वाले तरीके से जानकारियां दी जानी चाहिए। इन रिपोर्टों को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए और जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिस कार्य का पारदर्शी ढंग से मापन किया जाता है, उसके जिम्मेदारीपूर्वक किए जाने की संभावना अधिक होती है। संस्थागत शक्ति के सबसे कम पहचाने जाने वाले रूपों में से एक है-निर्णय लेने में देरी करने की शक्ति। जहां संविधान या कानून किसी संवैधानिक पदाधिकारी को निर्णय लेने का दायित्व सौंपता है, वहां जहां तक संवैधानिक रूप से संभव हो, उस शक्ति के प्रयोग के लिए एक उचित अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। यह सिद्धांत विशेष रूप से उन मामलों में महत्त्वपूर्ण है, जहां देरी से लोकतांत्रिक शासन, विधायी कार्यप्रणाली या नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विवेकाधिकार का अर्थ अनिश्चितकाल तक निष्क्रिय बने रहने की स्वतंत्रता नहीं हो सकता। बेशक, प्रत्येक संवैधानिक निर्णय को किसी कठोर समय-सीमा में बाँधना न तो संभव है और न ही आवश्यक। संवैधानिक मामलों की जटिलता के कारण कभी-कभी पर्याप्त विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। लेकिन वैध विचार-विमर्श और जानबूझकर की जाने वाली टालमटोल के बीच अंतर होना चाहिए। संवैधानिक शासन में चुप्पी और देरी को निर्णय लेने के विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। जवाबदेही सुनिश्चित करने के सबसे सरल और प्रभावशाली उपायों में से एक है - निर्णयों के कारण बताने की अनिवार्यता। किसी नागरिक को हमेशा अपनी इच्छानुसार परिणाम प्राप्त करने का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन जब किसी महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है, तो सामान्यतः नागरिक को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया। कारणयुक्त निर्णय लेने से एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति होती है- पारदर्शिता, अनुशासन और जनता का विश्वास। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यक हो, ऐसे निर्णयों की प्रभावी संवैधानिक और न्यायिक समीक्षा करना भी संभव होता है। निस्संदेह, कुछ परिस्थितियों में गोपनीयता या संवैधानिक आवश्यकताओं के कारण अपवाद उचित हो सकते हैं। लेकिन अपवाद इस नियम को ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। परिणामों के बिना जवाबदेही केवल विफलताओं का लेखा-परीक्षण बनकर रह जाती है। यदि कोई व्यवस्था लगातार या जानबूझकर की गई विफलताओं की पहचान तो करती है, लेकिन उसके बाद कोई सार्थक संस्थागत कार्रवाई नहीं होती, तो अंततः संस्थाओं को यही संदेश मिलता है कि जवाबदेही केवल औपचारिकता है। हालांकि, इन परिणामों की व्यवस्था अत्यंत सावधानीपूर्वक तैयार की जानी चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र यह आश्वासन भी है कि सार्वजनिक शक्ति सौंपी गई प्रत्येक व्यक्ति उसका प्रयोग संवैधानिक सीमाओं के भीतर करेगा, आवश्यकता पड़ने पर उसके प्रयोग का स्पष्टीकरण देगा, वैध जाँच और समीक्षा को स्वीकार करेगा। सभी संस्थाओं और उनकी शक्तियों के साथ कर्तव्य जुड़े होते हैं। जवाबदेही उन शक्तियों का अभिन्न अंग है।

(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी



कानून व्यवस्था को चुनौती देते गैंगस्टर

देश में संगठित अपराध और गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हाल में साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहों ने देश के कई राज्यों में सुरक्षा एजेंसियों की नाक में दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियों को निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्या की वारदातों ने शासन-प्रशासन के इकबाल पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। यह बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान व रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरों के निशाने पर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अब भी संगठित अपराध कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिस की खुफिया सूचनाओं की मदद से कोटा रेलवे स्टेशन से तीन संदिग्ध हमलावरों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलीबारी के बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का पुराना ख़ौफ़ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड के पुराने ख़ौफ़ की वापसी का संकेत है या इसे एक अलग घटना के तौर पर देखा जाना चाहिए? देश में कानून-व्यवस्था के समानांतर अपराध की सत्ता चलाने वाले गिरोहों का इतिहास पुराना रहा है। बेशक समय के साथ अपराधी संगठनों के नामकरण और अपराध के तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊद से लेकर छोटे राजन के गैंगवार की साक्षी रही है। अब वहां नये सिरे से गैंगस्टरों का दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलों को महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसा की इक्का-दुक्का घटनाओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तव में ये समाज में लगातार गहरी होती जाती एक गंभीर समस्या के लक्षण हैं।

यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरों की कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाज में रक्तबीजों की तरह लगातार बढ़ते जाएंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विता का खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होने से समाज को ही भुगतना पड़ेगा। दरअसल, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि इस हमले के संदिग्ध हमलावरों में से एक का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित साथी से है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए लॉरेंस बिश्नोई साल 2015 से जेल में बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षा में जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधों में संलिप्तता के रूप में कैसे उछाला जाता है? भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप व अमेरिका में सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिका में उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह के रूप में चिन्हित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियों में से एक, करमवीर सिंह को कनाडा से डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को नवंबर 2025 में अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल, यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहों के बीच सांठगांठ से जुड़ा बताया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों और लोक व्यवस्था का हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 303 लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियों को गुजरात की साबरमती जेल से बाहर ले जाने या मुंबई पुलिस की प्रत्यक्ष कस्टडी में देने पर रोक है। इस वजह से जांच एजेंसियां केवल जेल के अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशों का पूरी तरह पर्दाफाश करने में बाधा आ रही है। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनों की संवैधानिक वैधता और संगठित अपराधों से निपटने के प्रावधानों की समीक्षा कर रही है ताकि पुलिस व प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चन के इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस सके। गैंगस्टरों और अपराधियों पर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। निस्संदेह, कानून लागू करने वाली एजेंसियों को चुनौती देने वाले इन गिरोहों की कमर तोड़ना राज्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं अपराधियों में कानून का डर पैदा करने और जनता में सुरक्षा की भावना बहाल करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धैर्य और संतोष ही सुखी जीवन के आधार



संकलित
दर्शन

मानव स्वभाव से सौम्य, संवेदनशील और सहयोगी प्राणी है। उसके भीतर प्रेम, करुणा, सहानुभूति और परोपकार की भावनाएं विद्यमान रहती हैं, लेकिन जब वह आवेग, क्रोध और अनियंत्रित इच्छाओं के वशीभूत हो जाता है, तब उसका विवेक कमजोर पड़ने लगता है। क्षणिक आवेश में लिया गया निर्णय कभी-कभी उसके पूरे जीवन को संकट में डाल देता है। इसलिए जीवन में थोड़ी-सी सावधानी, विचारों पर नियंत्रण और आत्मजागृति का बहुत बड़ा महत्व है। मनुष्य यदि समय रहते अपने मन की चंचलता को पहचान ले और गलत दिशा में बढ़ते कदमों को रोक दे, तो अनेक अनर्थों से बच सकता है। जीवन की वास्तविक सफलता केवल उपलब्धियां प्राप्त करने में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और विचारों को संतुलित रखने में भी निहित है। मनुष्य का स्वभाव स्थायी रूप से बुरा नहीं होता। परिस्थितियां, मानसिक तनाव, क्रोध, लोभ और आवेग कभी-कभी उसे ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित कर देते हैं, जिनका पश्चाताप उसे बाद में होता है। आवेग एक ऐसा प्रवाह है, जो व्यक्ति की विचारशक्ति को अपने साथ बहा ले जाता है। उस समय सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए विवेक खो बैठता है और ऐसा कदम उठा लेता है, जिसकी कीमत उसे लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। इसलिए जब मन में क्रोध या प्रतिशोध की भावना प्रबल हो, तब तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ समय रुकना चाहिए। ***संकलन-कांतिलाल मांडोत***

भगवान चढ़ाया गया भोग कैसे खाते हैं



संकलित
प्रेरणा

क्या भगवान हमारे द्वारा चढ़ाया गया भोग खाते हैं? यदि खाते हैं, तो वह वस्तु समाप्त क्यों नहीं हो जाती? और यदि नहीं खाते हैं, तो भोग लगाने का क्या लाभ? एक युवा शिष्य ने पाठ के बीच में अपने गुरु से यह प्रश्न किए, गुरु ने तत्काल कोई उत्तर नहीं दिया। वे पूर्ववत पाठ पढ़ाते रहे, उस दिन उन्होंने पाठ के अन्त में एक श्लोक पढ़ायाः

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

पाठ पूरा होने के बाद गुरु ने शिष्यों से कहा कि वे पुस्तक देखकर श्लोक कंठस्थ कर लें। एक घंटे बाद गुरु ने प्रश्न करने वाले शिष्य से पूछा कि उसे श्लोक कंठस्थ हुआ कि नहीं? उस शिष्य ने पूरा श्लोक शुद्ध-शुद्ध गुरु को सुना दिया। फिर भी गुरु ने सिर नहीं में हिलाया, तो शिष्य ने कहा कि वे चाहें, तो पुस्तक देख लें, श्लोक बिल्कुल शुद्ध है। गुरु ने पुस्तक देखते हुए कहा- श्लोक तो पुस्तक में ही है, तो तुम्हारे दिमाग में कैसे चला गया? शिष्य कुछ भी उत्तर नहीं दे पाया। तब गुरु ने कहा- पुस्तक में जो श्लोक है, वह स्थूल रूप में है। तुमने जब श्लोक पढ़ा, तो वह सूक्ष्म रूप में तुम्हारे दिमाग में प्रवेश कर गया, उसी सूक्ष्म रूप में वह तुम्हारे मस्तिष्क में रहता है। और जब तुमने इसको पढ़कर कंठस्थ कर लिया, तब भी पुस्तक के स्थूल रूप के श्लोक में कोई कमी नहीं आई। इसी प्रकार पूरे विश्व में व्याप्त परमात्मा हमारे द्वारा चढ़ाए गए निवेदन को सूक्ष्म रूप में ग्रहण करते हैं, और इससे स्थूल रूप के वस्तु में कोई कमी नहीं होती। उसी को हम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है।

- *संकेत वर्मा, रायपुर*

ट्रेंड

भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। हम 'भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज' स्थापित करने और अपने युवाओं के लिए प्रौद्योगिकी हैकाथॉन आयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

रेहान की फोटो प्रदर्शनी



दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है। यानी, भाजपा सरकार की देखरेख में एक युवा कलाकार की कला को दबाया गया, जो कि बेहद निंदनीय है।

-**अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीद अशफाकुल्ला खान की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका अटूट प्रेम आज भी एक मिसाल है। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

सैमसन की बल्लेबाजी



जब भी मैं संजू सैमसन को बल्लेबाजी करते देखता हूँ, तो मुझे लगता है कि उनका बल्ला सेट-अप के दौरान बहुत ज्यादा बंद रहता है, जिससे उनके आउट-स्विंग गेंदों पर आउट होने का खतरा बढ़ जाता है। वह जिस तरह से इसे संभालते हैं, वह काबिले तारीफ है। - **इरफ़ान पठान,** क्रिकेटर

करंट अफेयर

नवरात्रि समारोहों में शामिल हुए न्यूयार्क के मेयर ममदानी



अमेरिका के इलिनॉय राज्य में एक मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश नाकाम किए जाने के कुछ दिन बाद न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने यहां भारतीय मूल के हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा मनाई तथा लोगों से नफरत के खिलाफ एकजुट होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपील की। ममदानी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'इस सप्ताह मुझे क्वींस में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशैं और विजयादशमी मनाने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा, 'हमने गरबा किया, आरती में हिस्सा लिया, सिंदूर खेला की रस्म देखी और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों के साथ मिलकर खुशी और श्रद्धा के इस उत्सव में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी, खासकर इसलिए कि पिछले सप्ताह ही इलिनॉय के एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की गई थी।' मेयर ने कहा, ' 'आइए, हम सभी नफरत के खिलाफ खड़े होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपनी साझा जिम्मेदारी निभाने के लिए एकजुट हों। जय माता की।' सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ममदानी भारतीय मूल के लोगों के साथ गरबा करते और मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेते दिखाई दिए।

ऑफ बीट

भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी



आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026 | आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी | वर्ष : 26, अंक : 213 | पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5 .00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

एनएसओ के अध्ययन का है ये निष्कर्ष

उद्योग संचालक इससे हैं असहमत



छत्तीसगढ़ में छोटे कारखाने 71 फीसदी से ज्यादा, पर उत्पादन में योगदान सिर्फ 10 फीसदी, अब चुनौती औद्योगिक दक्षता बढ़ाने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े उद्योगों के बीच बड़ी संख्या में छोटे-छोटे कारखाने भी हैं, लेकिन कुल उत्पादन में इनका योगदान कितना है ये एक बड़ा सवाल है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट को मानें तो छोटे कारखानों का उत्पादन में योगदान केवल 10 फीसदी है। हालांकि अध्ययन ये भी बताता है कि कारखानों की संख्या अधिक होना अपने आप में उत्पादन में बड़े योगदान की गारंटी नहीं है। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी), श्रमिकों को औपचारिक प्रशिक्षण और उत्पादन क्षमता जैसे ▶▶|शेष पेज 8 पर



योगदान बेहतर हुआ है



मैं इस बात से असहमत हूं कि छत्तीसगढ़ में छोटे कारखानों का उत्पादन में योगदान 10 फीसदी है। राज्य में 2024 में छोटे उद्योगों के लिए नई नीति लाई गई है, उन्हें नई सुविधाएं दी जा रही हैं। इन कारणों से इन उद्योगों को सहायता मिली है और उत्पादन में इनका योगदान बेहतर हुआ है।
-राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष सीएसआईडीसी

भारत का रिकॉर्ड रन चेज, न्यूजीलैंड परास्त

- भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई
- दूसरा मुकाबला अब क्राइस्टचर्च में कल
- संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द मैच



क्राइस्टचर्च। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की शुरुआती ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी के बाद आखिरी ओवरों में नमन धीर की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर भारत ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के पहले मुकाबले में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने चार विकेट पर 225 रन बनाए। भारत ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

आठ घायलों में दो भारतीय, भड़का भारत, विदेश मंत्रालय ने कहा- फौरन बंद हो अटैक

सऊदी अरब में एयरपोर्ट पर हमला एक भारतीय समेत तीन की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुबई

बहरीन और कतर के पास फारस की खाड़ी से सटे पूर्वी सऊदी अरब के दम्माम स्थित 'किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट' पर हुए एक हमले में एक भारतीय और दो सऊदी के निवासी की मौत हो गई। बुधवार देर रात हुए इस हमले में दो भारतीय समेत 8 लोग घायल हुए हैं। भारत ने सऊदी अरब में हुए हमलों की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमले तुरंत बंद होने चाहिए।

सऊदी अरब के दम्मम हवाई अड्डे पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य भारतीय घायल हो गए। इससे एक दिन पहले, सऊदी अरब के शायबा तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में एक अन्य भारतीय नागरिक घायल हुआ था। यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से सऊदी अरब के अहम बुनियादी ढांचों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि सऊदी अधिकारियों ने बुधवार रात दम्माम हवाई अड्डे पर हुए हमले में हताहतों की जानकारी दी है। दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, बुधवार रात दम्माम हवाई अड्डे पर हुए हमले में जान गंवाने वाले दो लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। इस हमले में दो भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। दूतावास ने कहा कि वह घटना से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है और प्रभावित परिवारों के संपर्क में है।

हूती के निशाने पर तेल ठिकाने भी, 16 दिन में 6 हमले

भारत ने जारी की एडवाइजरी

भारतीय दूतावास ने सऊदी अरब में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी किए हैं। इनमें उन्हें सतर्क रहने, स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने और हवाई हमलों के दौरान घरों के अंदर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई है।

अमेरिका ने जारी किया आदेश

अमेरिका ने कुछ राजनयिकों और अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को सऊदी अरब छोड़ने का आदेश दिया। यह कदम यमन के ईरान-समर्थित हूथी विद्रोहियों द्वारा देश में किए गए कई जानलेवा हमलों और संघर्ष के और बढ़ने के डर के मद्देनजर उठाया गया है।



तेल ठिकाने पर ड्रोन हमला

सऊदी अरब के अरामको के तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए। इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं।

हमले के बाद विमानों का रास्ता बदला

सऊदी अरब के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर हमले की जानकारी दी। इसमें एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है। दम्माम, फारस की खाड़ी के तट पर स्थित है। यह बहरीन और कतर के करीब है।

भारतीय तीर्थयात्री फंसे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, रियाद में हमारा दूतावास और जेद्दा में हमारा वाणिज्य दूतावास प्रभावित तीर्थयात्रियों की जल्द वापसी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विमानन कंपनियों और 'टूर ऑपरेटर' के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने लिखा, पिछले एक हफ्ते में, सऊदी अरब में फंसे लगभग 3,000 उमरा तीर्थयात्री उपलब्ध उड़ानों से भारत वापस आ गए हैं। इसके अलावा, 10,000 से ज्यादा सामान्य उमरा तीर्थयात्री भी हैं, जिन्होंने उपलब्ध उड़ानों में अपनी बुकिंग कराई थी और वे भी पिछले एक हफ्ते में भारत वापस आ गए हैं। इससे पहले, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए विमानन कंपनियों की ओर से सऊदी अरब के शहरों के लिए उड़ानें निलंबित किए जाने से भारत के चार हजार तीर्थयात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं।

जियो आईपीओ, महज दो घंटे में रिटेल कोटा फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कुल मांग 3.73 लाख करोड़ पर पहुंची

रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लि. के आईपीओ को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। कुल 30,213 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को दूसरे दिन 3.73 लाख करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं। संस्थागत निवेशकों की मजबूत मांग के साथ निर्गम को पेशकश के मुकाबले 5.57 गुना बोलियां मिलीं। शेयर बाजारों के आंकड़ों के मुताबिक, जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ को दूसरे दिन कुल मिलाकर 5.57 गुना बोलियां मिल चुकी हैं। निवेशकों ने पेश किए गए 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 110 करोड़ से अधिक शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। पात्र संस्थागत ▶▶|शेष पेज 8 पर

- जियो के आईपीओ को दूसरे दिन मिलीं 5 .57 गुना बोलियां



1377 रुपए पर शेयर की लिस्टिंग संभव

लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 23% यानी 258 रुपए प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्रीमियम यानी जीएमपी के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड 1,119 रुपए के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (1119+258=1377 रुपए) 1377रुपए पर हो सकती है।

अलॉटमेंट से लिस्टिंग

जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,200 करोड़ रुपए का आईपीओ 23 अक्टूबर को सब्सक्रिप्शन के लिए बंद हो जाएगा। इसमें आवेदन करने वाले निवेशक 26 अक्टूबर को शेयर अलॉटमेंट का स्टेटस चेक कर सकेंगे। वहीं, 27 अक्टूबर को रिफंड और निवेशकों के डीमैट अकाउंट में शेयर क्रेडिट किए जाने की तारीख तय है। जियो प्लेटफॉर्म्स के शेयरों की एनएसई और बीएसई पर लिस्टिंग 28 अक्टूबर 2026 को होने की उम्मीद है।





खबर संक्षेप

काशी तमिल संगमम 28 नवंबर से

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने घोषणा की कि सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 'काशी तमिल संगमम' का पांचवां संस्करण 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। मंत्री ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण पोर्टल भी शुरू किया।

रोने पर बच्ची की हत्या 3 साल बाद मां गिरफ्तार

पत्तनमथिट्टा। केरलम के पत्तनमथिट्टा जिले में आठ महीने की बच्ची के रात में रोने से नाराज होकर एक व्यक्ति द्वारा उसकी कथित तौर पर हत्या किए जाने के करीब तीन साल बाद पुलिस ने बच्ची की मां को गिरफ्तार किया है। बच्ची की अगस्त 2023 में की गई थी। विशेष जांच दल ने लंबी जांच के बाद मंजू को गिरफ्तार किया।

पीएम की तस्वीर को पैरों से रौंदा, केस दर्ज

पलक्कड। केरलम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर कथित तौर पर फाड़ने और उसे पैरों से रौंदने के मामले में मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के करीब 15 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पलक्कड जिले के मन्नारक्कड़ में कॉलेज छात्र संघ चुनाव प्रचार के समापन कार्यक्रम के दौरान का हुई।

कुछ लोग विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे : पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी। राजधानी दिल्ली में एक मीडिया चैनल द्वारा आयोजित वर्ल्ड समिट 2026 में उन्होंने दुनिया की मौजूदा राजनीति, अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और भारत की भूमिका पर बात की। पीएम ने कहा कि कोरोना के समय जब दुनिया को सहयोग की जरूरत थी, तब सबने अपने स्वार्थ को प्राथमिकता दी। तब मैंने कहा था कि दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है।

- एक मीडिया कार्यक्रम में कांग्रेस का बिना नाम लिए साधा निशाना



मोदी ने कहा, आजकल नए वर्ल्ड ऑर्डर की चर्चा भी हर कोई कर रहा है, क्योंकि इसका असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। समझना होगा कि वर्ल्ड ऑर्डर बदल क्यों रहा है और भारत की भूमिका क्या है। दूसरे विश्व युद्ध ने दुनिया को एक बड़ा सबक दिया था। दुनिया ने समझा था कि सम्मान, सहयोग और विवादों का समाधान भी जरूरी है। इसी ने यूएन की नींव रखी।

सड़क किनारे चाय पी रहे थे श्रद्धालु और आ गई मौत

एसयूवी की चपेट में आए चार श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶| काकीनाडा

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सड़क किनारे चाय पी रहे श्रद्धालुओं को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। विजयनगरम जिले के डेंकाडा गांव के श्रद्धालु कनक दुर्गा मंदिर के दर्शन के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। उन्होंने सुबह करीब 5:40 बजे कट्टिपुडी जंक्शन के पास रविकिम्पाडु सेंटर पर अपनी बस रोकी थी। अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भवानी माला पहन रखी थी।

मौके पर तीन ने तोड़ा दम

अधिकारी के अनुसार, श्रद्धालु बस से उतरकर चाय पी रहे थे, तभी विशाखापत्तनम की ओर से आ रही एक एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों में एक पार्सल वैन चालक और एक यात्री बस का 'क्लीनर' शामिल हैं तथा दोनों को अस्पताल ले जाया गया।

गूगल एवं मैकिंजे की नई रिपोर्ट में खुलासा

बीमा उत्पादों का 80 फीसदी हिस्सा ऑनलाइन से जुड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पाद खरीदने की प्रक्रिया का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा अब ऑनलाइन माध्यम से जुड़ा है और इंटरनेट पर जुटाई गई जानकारी का बीमा की 40 प्रतिशत बिक्री पर सीधा असर पड़ता है। गूगल और मैकिंजे एंड कंपनी की एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'डिकोडिंग द डीआईसीए कंज्यूमर' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे ग्राहकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जो इंटरनेट पर बीमा योजनाओं की जानकारी जुटाते हैं, विकल्पों की तुलना करते हैं और फिर अपनी पसंद की पुष्टि के लिए बीमा सलाहकार से संपर्क करते हैं। इन्हें 'डिजिटली इम्फ्लूएंस्ड, क्लोज्ड विद असिस्टेंस' (डीआईसीए) यानी ऑनलाइन जानकारी से प्रभावित होकर सलाहकार की मदद से बीमा खरीदने वाले ग्राहक कहा गया है।

ऑनलाइन से जुटाई गई जानकारी का 40 फीसदी बिक्री पर असर

सलाहकारों से बातचीत के बाद भी नेट पर खोज

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे ग्राहकों की संख्या केवल डिजिटल माध्यम से बीमा खरीदने वालों की तुलना में चार गुना है। आधे से अधिक ग्राहक सलाहकार से बातचीत करने के बाद भी बीमा कंपनियों की उसी सूची पर कायम रहते हैं, जिसे उन्होंने ऑनलाइन शोध के दौरान चुना था।

18 प्रतिशत खोज लंबे सवालों वाले

बीमा से जुड़ी गूगल पर की जाने वाली खोज (सर्च) में 18 प्रतिशत लंबे और विस्तृत सवालों वाली हैं। ये छोटी खोज की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं।



नेट ने अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई

गूगल इंडिया के निदेशक सिद्धार्थ शेखर ने कहा कि बीमा खरीदने में इंटरनेट और बीमा सलाहकार, दोनों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत से अधिक बीमा बिक्री पर ऑनलाइन जानकारी का असर पड़ता है।

महानगरों में लोग ऑनलाइन जानकारी जुटाते हैं

रिपोर्ट के अनुसार, छोटे और गैर-महानगरों में लोग बीमा पॉलिसी खरीदने से पहले ऑनलाइन जानकारी जुटाने में राष्ट्रीय औसत के मुकाबले करीब दोगुनी सक्रियता दिखाते हैं। उम्र और पेशे के लिहाज से, 25 से 35 वर्ष के वेतनभोगी लोग ऑनलाइन बीमा योजनाओं की जानकारी जुटाने वाला सबसे बड़ा समूह हैं। वे अलग-अलग कंपनियों की पॉलिसी की तुलना करते हैं और उनकी शर्तों को समझने के लिए ऑनलाइन उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल करते हैं।



बस्तर दशहरा 2026

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

जनजातीय संस्कृति, जनआस्था और जनभागीदारी का उत्सव

मुरिया दरबार एवं बस्तर दशहरा

23 अक्टूबर 2026

समय:- अपराह्न 12:45 बजे
स्थान :- लाल बाग मैदान, जगदलपुर



माननीय राष्ट्रपति
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छुट्टी लिए बगैर विदेश यात्रा, तहसील के क्लर्क के खिलाफ होगी जांच

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

अपर कलेक्टर ने लगाई थी फटकार, अधिकारी के खिलाफ कलेक्टर से मौखिक शिकायत, शिकायत के कुछ दिनों के बाद अपर कलेक्टर का ट्रांसफर

रायपुर जिले के आरंग तहसील में पदस्थ एक बाबू के बिना अवकाश स्वीकृत कराए विदेश यात्रा पर जाने के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। क्षेत्र की एसडीएम अभिलाषा पैकरा के यहां से ट्रांसफर किए जाने के बाद उनकी जगह आए एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, इसकी वे जांच कराएंगे।

बिना अनुमति बाबू का विदेश यात्रा पर जाना अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा और कर्मचारियों के बीच विवाद का कारण बन गया है। सूत्रों से पता चला कि बाबू स्वास्थ्य खराब होने का बहाना बनाकर बिना अवकाश स्वीकृत कराए सिंगापुर यात्रा पर गया था। लौटने के बाद जब इसकी जानकारी तत्कालीन अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा को हुई तो उन्होंने बाबू की जमकर क्लास ली थी। कलेक्टोरेट स्थित अपने दफ्तर में अपर कलेक्टर ने बाबू को जमकर फटकार लगाई थी, जिससे दुखी होकर वह रोते हुए दफ्तर से बाहर निकला था। इस घटना के बाद बाबू की शिकायत पर कलेक्टोरेट कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मिलकर अपर कलेक्टर के खिलाफ शिकायत की थी। इस शिकायत में मौखिक रूप से कलेक्टर को अवगत कराया गया था कि अपर कलेक्टर ने बाबू को फटकार लगाने के साथ उस पर हाथ भी उठाया है। हालांकि अपर कलेक्टर ने इस आरोप से इंकार किया था। उन्होंने यह जरूर कहा था कि बाबू बिना अनुमति छुट्टी के विदेश यात्रा पर गया था, इस वजह से उन्होंने उसे फटकार लगाई।

इस शिकायत के कुछ दिनों के बाद ही अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा का ट्रांसफर हो गया। हालांकि इस ट्रांसफर को सामान्य प्रक्रिया के तहत किया गया था, लेकिन कलेक्टोरेट में कई दिनों तक यहीं चर्चा रही कि शिकायत ऊपर तक पहुंचने के कारण उनका ट्रांसफर हुआ है।

जांच कराएंगे

बिना छुट्टी स्वीकृत कराए बाबू की विदेश यात्रा के संबंध में जानकारी मिली है। इसकी जांच कराएंगे।

- रवि सिंह, एसडीएम आरंग

जंगल सफारी में मादा हिमालयन भालू 'फफोरी' की कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर से मौत

14 साल पहले गुवाहाटी से लाई गई थी, तब उसकी उम्र 12 साल थी



हरिभूमि न्यूज:रायपुर

गुवहाटी जू से जंगल सफारी की शान बनी फफोरी नामक मादा हिमालयन भालू की तीन दिन पूर्व 19 अक्टूबर को मौत हो गई। मृत भालू की उम्र 26 वर्ष थी। वन्यजीव चिकित्सकों के अनुसार उम्रदराज होने की वजह से भालू की सामान्य मौत हुई है। जिस दिन भालू की मौत हुई है, उस दिन भालू ने दोपहर को पर्याप्त आहार लिया था। घटना दिनांक को कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर होने की वजह से भालू की मौत होने की बात सामने आई है। भालू का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

सफारी प्रबंधन के अनुसार फफोरी को वर्ष 2012 में वन्यप्राणी आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत असम, गुवाहाटी स्थित जू से 12 वर्ष की उम्र में रायपुर लाया गया था, तब से वह यहीं रह रही थी। हिमालयन भालू की मृत्यु के बाद वन्यप्राणी चिकित्साधिकारी द्वारा नियमानुसार उसका पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद सफारी प्रबंधन और वन्यजीवों की देखभाल से जुड़े कर्मचारियों की उपस्थिति में उसे श्रद्धांजलि अर्पित कर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान नंदनवन जू एवं जंगल सफारी के संचालक सह-वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, सहायक संचालक सहित वन विभाग के तमाम अधिकारी-कर्मचारी, पशुपालक और सुरक्षा कर्मचारी मौजूद रहे। फफोरी के निधन पर जंगल सफारी प्रबंधन और उसकी देखरेख करने वाले कर्मचारियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। नंदनवन जू एवं जंगल सफारी प्रबंधन का कहना है कि वे वन्यजीवों की नियमित देखभाल, स्वास्थ्य निगरानी और उनके संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं।

कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर में हृदय और फेफड़े काम करना बंद कर देता है

कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर एक गंभीर और जीवन के लिए खतरनाक स्थिति है, जिसमें दिल और फेफड़े दोनों एक साथ काम करना बंद कर देते हैं या पर्याप्त रूप से काम नहीं कर पाते। इसके कारण शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं मिल पाती है और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें बाहर नहीं निकल पाती हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब रेस्पिरेटरी फेल्योर और कार्डियक फेल्योर दोनों एक साथ हो जाएं।

एक नर तथा दो मादा भालू शेष

सफारी में मादा हिमालयन भालू की मौत के बाद तीन हिमालयन भालू शेष रह गए हैं। इनमें दो माद तथा एक नर हिमालयन भालू है। एक मादा हिमालयन भालू नागालैंड तथा एक नर और मादा भालू को चार माह पूर्व झारखंड रांची जू से लाया गया है। वन्यजीव चिकित्सक के अनुसार जिस हिमालयन मादा भालू की मौत हुई है, वह सफारी में स्वस्थ्य वन्यजीवों में से एक थी। अपनी मौत के दिन भी भालू ने पर्याप्त मात्रा में डाइट लिया था।



गार्ड को बंधक बनाकर आधा दर्जन बदमाश मारपीट कर 12 लाख के कॉपर वायर ले गए

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

हाई सिक्यूरिटी, कड़ी सुरक्षा के बीच एक बंद फैक्ट्री में आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने उत्पात मचाते हुए गार्ड को बंधक बना लिया और आठ सौ किलो कॉपर वायर काटकर ले गए। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है। हरकत सीसीटीवी में कैद न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आरोपियों ने फैक्ट्री के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा को नुकसान पहुंचाया और डीवीआर साथ ले गए। घटना कबीर नगर थाना क्षेत्र के हीरापुर की है।

पुलिस के अनुसार अमरनाथ इस्पात फैक्ट्री में घटना दिनांक को रात 1.30 बजे के करीब सात से आठ बदमाश घुसे। अंदर प्रवेश करने के बाद बदमाशों ने फैक्ट्री के गार्ड को अपने कब्जे में लेते हुए उसके हाथ पांव तथा मुंह को बांध कर एक कमरे के अंदर बंद कर दिया। इसके बाद करीब 800 किलो कॉपर वायर काटकर ले गए। चोरी हुए वायर की कीमत 10 से 12 लाख रुपए बताई जा रही है। गार्ड के बताए अनुसार फैक्ट्री में डाका डालने आए आरोपी तड़के पांच बजे तक फैक्ट्री के अंदर उत्पात मचाते रहे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरोपियों ने कॉपर वायर ले जाने गाड़ी दूर खड़ी की थी। उन लोगों ने कॉपर वायर को काटने के बाद बारी-बारी से उसे ढोकर गाड़ी में ले जाकर लोड किया। पुलिस के दावों के मुताबिक डकैती डालने वाले बदमाशों का एक जगह महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिला है, जिसमें बदमाशों के टाटीबंध की तरफ जाने का फूटेज है। पुलिस को आशंका है कि बिलासपुर से आए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। बदमाश आउटर से निकलकर टाटीबंध के रास्ते बिलासपुर रोड पकड़कर भागे हैं। गार्ड ने पुलिस को बताया है कि घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने उसे बंधनमुक्त कर दिया। साथ ही शोर मचाने तथा किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद जाते-जाते बदमाशों ने गार्ड को अपना मुंह बंद रखने पांच सौ रुपए भी दिए।

हासी देवी पर राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रुपए का स्मारक सिक्का

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक भवन में पूज्य माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। इस पहल के माध्यम से माता साहिब के आध्यात्मिक, सामाजिक और मानवीय योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा शदाणी दरबार के नौवें पीठाधीश संत डॉ. युधिष्ठिरलाल सादाणी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पूज्य माता साहिब हासी देवी शदाणी दरबार की पांचवीं पीठाधीश थीं। वे अपनी सेवा भावना, करुणा और मानवता के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान



उन्होंने लोगों की सहायता और रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन निःस्वार्थ सेवा, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का संदेश देता है। उनके जीवन का मूल संदेश था कि सेवा ही सच्ची साधना है और मानवता ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग है। उनके आदर्श आज भी लोगों को समाजसेवा और परोपकार के लिए प्रेरित करते हैं।

200 रुपए के इस स्मारक सिक्के का बाहरी व्यास 44 मिलीमीटर और मानक वजन 35 ग्राम है। यह चार धातुओं की मिश्रधातु से तैयार किया गया है। इसमें 50 प्रतिशत चांदी, 40 प्रतिशत तांबा, 5 प्रतिशत निकेल और 5 प्रतिशत जस्ता शामिल हैं। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष, 'भारत' और 'इंडिया' शब्द, रुपये का प्रतीक तथा अंकित मूल्य दर्शाया गया है। दूसरी तरफ पूज्य माता साहिब हासी देवी की छवि अंकित है, जो उनकी 200वीं जयंती और शदाणी दरबार की आध्यात्मिक विरासत को सम्मानित करती है। माता साहिब हासी देवी के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी करना उनके आध्यात्मिक और सामाजिक योगदान को स्मरण करने का अवसर है। यह पहल समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका, महिला सशक्तीकरण और निःस्वार्थ सेवा की परंपरा को भी रेखांकित करती है।



खबर संक्षेप

नोबेल के बाद अब पुलित्जर न मिलने से ट्रम्प हुए नाराज

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि



उन्हें लेखन के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिलना चाहिए था। ट्रम्प ने एक रैली में रूस से जुड़ी जांच की रिपोर्टिंग के लिए पुलित्जर जीतने वाले पत्रकारों की आलोचना की। साथ ही, कई युद्ध रुकवाने का श्रेय लेते हुए एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि पत्रकारों ने इस मामले में गलत रिपोर्टिंग की थी और उन्हें इसके लिए पुरस्कार नहीं मिलना चाहिए था। ट्रम्प अब तक 19 किताबें लिख चुके हैं। इनमें 1987 में आई द आर्ट ऑफ द डील सबसे चर्चित है। पुलित्जर पुरस्कार पत्रकारिता के प्रतिष्ठित सम्मानों में गिना जाता है।

बंगाल में भाजपा समर्थक की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बुधवार शाम 35 साल के भाजपा समर्थक समीर



घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के रामकेली इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने पहले धारदार हथियारों से हमला किया, फिर उन्हें दो गोलियां मारीं। हत्या के बाद इलाके में दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम 6 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को मालदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि हत्या प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल से जुड़े लोगों ने की। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। घटना के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

श्रीलंका : तस्करी मामले में 7 भारतीय गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने देश में 2,400 किलोग्राम केंदू पत्तों की तस्करी की कोशिश के आरोप में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। नौसेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने एक



बयान में कहा, ''पश्चिमी नौसैनिक कमान से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया। श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश कर चुकीं दो संदिग्ध भारतीय नौकाओं और इलाके में मौजूद दो स्थानीय छोटी नौकाओं का पता चलने के बाद उन्हें रोका गया।' बयान के अनुसार, निगरानी अभियान के दौरान बुधवार को पुट्टलम जिले में उदप्पुवा तट के पास भारतीय नौकाओं पर सवार सात भारतीय नागरिकों और छोटी नौकाओं पर सवार चार श्रीलंकाई नागरिकों को हिरासत में लिया गया। नौसेना ने बताया कि नौकाओं की तलाशी के दौरान 60 बोरियों में रखे करीब 2,400 किलोग्राम केंदू पत्ते बरामद किए गए। नौसेना ने कहा कि आरोपियों, जब्त नौकाओं और केंदू पत्तों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कोलंबो स्थित सीमा शुल्क निवारक कार्यालय को सौंपा जाएगा। केंदू पत्तों का इस्तेमाल बीड़ी बनाने में किया जाता है। ये पत्ते टिकाऊ होने के कारण तंबाकू लपेटने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाते हैं। व्यावसायिक रूप से निर्मित सिगरेट की ऊंची कीमतों के बीच सस्ती बीड़ियों की मांग पूरी करने के लिए इन पत्तों की श्रीलंका में तस्करी की जाती है। तस्कर तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच स्थित उथले समुद्री मार्ग पाक जलडमरूमध्य से छोटी नौकाओं के जरिए इन पत्तों को ले जाते हैं। इस तरह वे तंबाकू से संबंधित उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क और सीमा शुल्क नियमों से बचने की कोशिश करते हैं।

फायरिंग के बाद अब शेयर किया गया वीडियो

'लाल हाथ... छर्रे के निशान' टाइगर की टीम ने लिखा- 'भगवान दयालु है'

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में हुई फायरिंग की घटना के 4 दिन बाद अब उनकी टीम ने एक्टर के घायल हाथ का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर के हाथ पर चोट के लाल निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये चोट बारूद और कांच के टुकड़ों की वजह से लगी है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म स्टार टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर रविवार 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में फायरिंग हुई थी। एक्टर फुटबॉल क्लब से निकल रहे थे, तभी उन्हें कथित रूप से लारेंस ग्रुप के गुर्गों ने निशाना बनाया। इस घटना में टाइगर को गोली नहीं लगी, लेकिन बारूद और टूटे कांच के टुकड़ों से उनके हाथ में मामूली चोटें आईं। टाइगर श्रॉफ की टीम ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक्टर के हाथ पर छोटे-छोटे निशान और लाल दाग दिख रहे हैं। ये निशान गोली के छर्रों, बारूद और कांच के टुकड़ों से लगे हैं। वीडियो के साथ टीम ने कैप्शन में 'भगवान दयालु है' लिखा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस ने टाइगर की सलामती के लिए दुआएं कीं और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कई यूजर्स ने कमेंट कर भगवान का शुक्रिया अदा किया कि एक्टर इस बड़ी घटना से सुरक्षित बच गए।

खास बातें

- फैंस ने कमेंट में मांगी सलामती की दुआ
- रविवार को मुंबई के जुहू इलाके में हुई थी फायरिंग



हेटर्स को दिया जवाब

टाइगर पर फायरिंग केस के बाद सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें वो शर्टलेस नजर आ रहे थे। शर्टलेस फोटो में उनके शरीर में किसी तरह का दाग नजर नहीं आया। एक्टर की फोटो को लेकर सवाल खड़े हुए कि आखिर कैसे फायरिंग होने के बाद उनकी बॉडी पर कोई निशान नहीं है। टाइगर पर हुई फायरिंग के जवाब में उनकी टीम ने ये वीडियो शेयर किया है। वीडियो देखकर साफ पता चल रहा है कि वो घटना में बाल-बाल बचे हैं।

अहम खुलासा : फायरिंग से पहले अंधेरी के होटल में शूटर्स ने की थी प्रैक्टिस

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामले में जांच के दौरान एक और अहम खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने से पहले आरोपियों ने मुंबई के पास ही एक जगह पर बंदूक से गोली चलाने की प्रैक्टिस की थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को उस जगह की जानकारी दी है, जहां उन्होंने बंदूक की जांच करने के लिए फायरिंग की थी। सूत्रों के अनुसार, प्रैक्टिस के दौरान एक आरोपी ने दो गोलियां चलाईं, जबकि दूसरे आरोपी ने एक गोली चलाकर बंदूक की जांच की थी। आरोपी यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि बंदूक ठीक से काम कर रही है या नहीं. बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी प्रैक्टिस के दौरान गोली चलाने में सफल रहे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि अंधेरी के जिस होटल में आरोपी ठहरे हुए थे, वहां कमरे में बंदूक की जांच करते समय मिसफायर हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान गोली बेड पर चली थी। हालांकि, इस घटना के बावजूद होटल के किसी कर्मचारी या बाहर मौजूद किसी व्यक्ति को शक नहीं हुआ कि कमरे में गोली चली है।

तीनों शूटर 31 तक पुलिस हिरासत में

कोटा से गिरफ्तार किए गए तीन शूटरों- रेहान उर्फ सुक्का, फूल सिंह और ऋतिक उर्फ रोशन को पुलिस मुंबई लाकर अदालत में पेश कर चुकी है। कोर्ट ने तीनों को 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है। इस मामले में अब तक कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पीलीभीत, यूपी का मामला

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, दो एसडीएम और कंप्यूटर ऑपरेटर पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी



आलोक कुमार के मुताबिक, इस मामले में दो एसडीएम और एक कंप्यूटर ऑपरेटर समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में गड़बड़ी सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। चुनाव आयोग ने मामले की जांच के बाद जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। दरअसल, मामला पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट से जुड़ा है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को शिकायत मिली थी कि ऑनलाइन पोर्टल पर मतदाता पहचान पत्र यानी एपिक नंबर डालने पर किसी दूसरे वोटर का विवरण दिखाई दे रहा है। मामले की जांच कराई गई तो वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की पुष्टि हुई।

बीएनएस के तहत कार्रवाई के आरोप

मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक, पीलीभीत की वोटर लिस्ट में सामने आई गड़बड़ियों को तत्काल ठीक करने को कहा गया है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और वीआरसी ऑपरेटर को वोटर लिस्ट से जुड़े काम से हटाने के निर्देश भी दिए गए।

कांग्रेस ने लगाए थे बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप

कांग्रेस ने पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया था। पार्टी का दावा था कि 13,150 वोटर्स के नाम बदल दिए गए, जबकि उनके एपिक और क्रम संख्या वही रहे। कांग्रेस ने 884 वोटर्स के नाम हटाने और 2,600 ऐसे लोगों के नाम जोड़ने का भी आरोप लगाया था, जो कथित तौर पर उस इलाके में नहीं रहते।

सौरव-आशुतोष ने क्राइम ब्रांच से और समय मांगा

दिल्ली पुलिस के सामने पेश नहीं हुए कॉकरोच, मिल सकता है नया समन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका आज दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं होंगे, उन्होंने अधिक समय मांगा है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार, पुलिस उन्हें एक नया नोटिस जारी करने की उम्मीद है। जानकारी के लिए बात दें कि सीजेपी के दो प्रमुख नेता सौरव दास और आशुतोष रांका आज दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित होने थे। लेकिन उन्होंने दिल्ली पुलिस से इस मामले में पेश होने के लिए अधिक समय देने का अनुरोध किया है। बता दें कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सीजेपी नेताओं सौरव दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे को जांच में शामिल होने के लिए आज तलब किया था। दिल्ली



पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद सौरव दास और आशुतोष रांका को क्राइम ब्रांच ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया। प्रतिबंधित जंतर-मंतर पर झंडा फहराने के आरोप में गिरफ्तार सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को बुधवार को न्यायिक हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया गया था। वहीं, अजिंक्य शिंदे को भी समन भेजा गया है। यह जांच सरकारी आदेश का कथित उल्लंघन करने और जंतर-मंतर पहुंचने के दौरान दूसरे व्यक्ति की संपत्ति में कथित तौर पर अनधिकृत प्रवेश करने से जुड़ी है।

नेहा बोरा केस : सुनवाई पूरी, आज आएगा निर्णय



लेफ्ट छात्र संघ ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने कहा कि कल वह शाम 6 बजे अपना फैसला सुनाएगा। आदेश सुरक्षित रखने से पहले, कोर्ट ने दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनीं। बोरा ने दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली पुलिस के नोटिस को चुनौती देने के लिए याचिका दायर की थी, जिसपर सुनवाई पूरी हो गई है। दिल्ली पुलिस ने 16 अक्टूबर को लहरा दो तिरंगा प्रदर्शन में शामिल होने के बाद जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए 10000 का पर्सनल बॉन्ड और एक श्योरिटी भरने के लिए नोटिस जारी किया था। नोटिस में नेहा से जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए एक जमानतदार के साथ 10,000 रुपये का बॉन्ड भरने को कहा गया है। नेहा ने अपनी याचिका में नोटिस और उससे होने वाली कार्रवाई को रद्द करने की मांग की है। साथ ही अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई न करने का निर्देश देने की भी मांग की है। बोरा ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट से कहा कि लोकतंत्र में रिजीम चेंज का आह्वान करने में कुछ भी गलत नहीं है।

प्रियंका के बेटे का आरोप, तिरंगे की तस्वीर से भी आपत्ति!

रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से हटाईं 70 फोटो, बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे और फोटोग्राफर रेहान वाड्रा की तस्वीरों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली के बीकानेर हाउस में 21 अक्टूबर से लगी रेहान की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। इनमें दिल्ली में हुए विरोध प्रदर्शनों की तस्वीरों सहित तिरंगा वाली कुछ तस्वीरें भी शामिल थीं। - रेहान ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनकी सोलो एग्जीबिशन 'नो आइडिया इज फाइनल' शुरू होने से कुछ घंटे पहले तस्वीरें हटाई गईं। प्रदर्शनी में पहले 100 से ज्यादा तस्वीरें थीं। अब करीब 40 बची हैं। रेहान ने आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक माहौल का हवाला दिया गया।



सबकुछ पहले से किया गया था साझा : रेहान ने बताया कि उनकी कलाकृतियों में वन्यजीव फोटोग्राफी, अमूर्त कला और भारत में हाल के युवा आंदोलनों से जुड़ी तस्वीरें शामिल थीं। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनी का विस्तृत प्रस्ताव और उसकी रूपरेखा काफी पहले ही बीकानेर हाउस प्रबंधन के साथ साझा कर दी गई थी।

आयोजकों का स्पष्टीकरण

इस मामले में बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसाइटी ने सोसाइटी ने स्पष्ट किया है कि प्रदर्शनी में शामिल कुछ तस्वीरें उसकी निर्धारित नीति के अनुरूप नहीं थीं। इसी आधार पर संबंधित तस्वीरों को हटाने का अनुरोध किया गया था। वहीं, नीति के अनुरूप पाई गई तस्वीरों का प्रदर्शन अब भी जारी है।

अभिव्यक्ति का है डर : प्रियंका

इस विवाद के बीच प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रेहान को टैग करते हुए उनका समर्थन किया। उन्होंने लिखा, 'जब कोई ताकतवर व्यक्ति दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है, तो उसे एहसास नहीं होता कि वह उस ताकत को पहले ही खो चुका है, जिसे बचाने की कोशिश कर रहा है।'

पीएनबी करेंसी चेस्ट में मिले 17.29 करोड़ के नकली नोट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर शहर में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपये की नकली भारतीय करेंसी मिलने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने नकली नोटों की छपाई और सप्लाई की कथित साजिश में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार और हरीश रौंता के रूप में हुई है। एनआईए के मुताबिक, दोनों इस साजिश के प्रमुख किरदार हैं और गिरफ्तार किए जा चुके अन्य आरोपियों के करीबी सहयोगी भी हैं। एजेंसी अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।



ऐसे हुआ खुलासा

इस मामले का खुलासा 29 अगस्त 2026 को हुआ था। सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाने को पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपये के अंकित मूल्य वाले नकली भारतीय नोट मिलने की विश्वसनीय सूचना मिली थी। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच के दौरान बैंक के तीन कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आई थी। बैंक ने इन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इतनी बड़ी मात्रा में नकली करेंसी मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच आगे बढ़ाई गई।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) -492002
Helpline No.- 0771-2972780 Website- https://cgssb.cgstate.gov.in

क्रमांक / एस.एस.बी./ परीक्षा/2026/4210 नवा रायपुर, दिनांक 22/10/26

संशोधित संक्षिप्त विज्ञापन
समूह-2 तृतीय श्रेणी (स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर) का उप समूह-02

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल अधिनियम 2026 के तहत सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना दिनांक 09 सितम्बर 2026 एवं 14 सितम्बर 2026 द्वारा निर्धारित समूह-2 का उप समूह-02 के अंतर्गत भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 10/01/2027 को आयोजित की जाएगी। इस हेतु जारी संक्षिप्त विज्ञापन क्रमांक/एस.एस.बी./परीक्षा/2026/4045 दिनांक 04/10/2026 को संशोधित करते हुए निम्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मण्डल के पोर्टल https://cgssb.cgstate.gov.in में आमंत्रित किए जाएंगे-

क्र.	पद का नाम	संख्या	क्र.	पद का नाम	संख्या
1	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	30	6	स्टेनो टायपिस्ट	23
2	शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)	03	7	सहायक ग्रेड- 3	1206
3	शीघ्रलेखक (द्विभाषी)	13	8	पंजीयन लिपिक	50
4	उप निरीक्षक अ (शीघ्रलेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)	34	9	सहायक उप निरीक्षक अ (सामान्य शाखा)	40
5	डाटा एंट्री ऑपरेटर	25	10	सहायक उप निरीक्षक अ (जिला- इकाई संवर्ग)	279

(I) पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें, पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा संबंधी निर्देश के लिए मण्डल की वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in में विस्तृत विज्ञापन पृथक से अपलोड की जावेगी।
(II) उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये जारी चयन सूची माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी।

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. कर्मचारी चयन मण्डल
नवा रायपुर

संवाद- 49543

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.यं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
सी.आई.एन. -U40108 CT2003 SGC015822
कार्या. - कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग-दो, पश्चिम, बिलासपुर (छ.ग.)
दूरभाष क्रमांक 07752-427091 वेबसाईट: www.cspdcl.co.in

क्रमांक / का0अ0/ न0सं0प0/सामा0 / 2650 बिलासपुर, दिनांक 22.10.2026

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निर्माण कार्य एवं रख-रखाव का कार्य किये जाने हेतु तालिका में दर्शाए गये क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, आवश्यकतानुसार समयावधि घटाया / बढ़ाया जा सकता है।

क्र	समय	दिनांक/दिन	उपकेंद्र	फीडर	प्रभावित क्षेत्र
1	सुबह 10:30 से 02:30 बजे	24.10.2026 शनिवार	33/11 के0व्ही0 यूनिवर्सिटी उपकेंद्र	11 के0व्ही0 बिरकोना (U) फीडर	बडी कोनी, पेट्रोल पंप, गणेश इन्क्लेव कंचन विहार, छोटी कोनी,, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के0व्ही0 कोनी फीडर	रामायण नगर, रिवरव्यू कॉलोनी, थाना कोनी, कंट्री क्लब, आई.टी.आई. कालेज, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के0 व्ही0 यूनिवर्सिटी फीडर	गुरूघासीदास यूनिवर्सिटी का सुपूर्ण क्षेत्र।
			33/11 केव्ही. कोनी उपकेंद्र	11 के0व्ही0 इंजीनियरिंग कालेज फीडर	कृष्णा पब्लिक स्कूल, गुड़ाखू फैक्ट्री, गणेश कालोनी, एवं आसपास का क्षेत्र।
2	सुबह 10:30 से 02:30 बजे	25.10.2026 रविवार	33/11 के0 व्ही0 बृहस्पति बाजार उपकेंद्र	11 के0 व्ही0 सदर बाजार फीडर	करूणा चौक, उदल चौक, गोलबाजार, मिशन हॉस्पीटल, मध्यनगरी चौक, डॉ. आभावर्मा, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के0व्ही0 सलूजा विहार फीडर	33 kV CIMS Hospital
3	सुबह 10:30 से 02:30 बजे	26.10.2026 सोमवार	33/11 के0व्ही0 भारतीय नगर उपकेंद्र	11 के0 व्ही0 मंगला फीडर	भारतीय नगर, सलूजा विहार एवं आसपास का क्षेत्र।
4	सुबह 10:30 से 02:30 बजे	27.10.2026 मंगलवार	33/11 के.व्ही0 मंगला उपकेंद्र	11 के0व्ही0 टंकी नं0 1 फीडर	ग्राम मंगला गीतांजली पार्क, सनसिटी, महर्षि स्कूल, गंगानगर फेस-2 मंगला बस्ती, धुरी पारा एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के0व्ही0 टंकी नं0 2 फीडर	दीनदयाल कालोनी, एल.आई.जी., एम.आई.जी. एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के0व्ही0 टंकी नं0 2 फीडर	
				11 के0 व्ही0 कुशा भाऊ ठाकरे फीडर	दीनदयाल कालोनी ट्रांसफार्मर नं0 15,16
5	सुबह 10:30 से 02:30 बजे	28.10.2026 बुधवार	33/11 के0 व्ही0 अल्का एवेन्यू उपकेन्द्र	11 के0 व्ही0 अल्का एवेन्यू फीडर	अल्का एवेन्यू कालोनी फेस-1, फेस-2, फेस-3।
				11 के0व्ही0 आदर्श चौक फीडर	मंगला बस्ती, सैल विहार, ब्रिज विहार, जे.पी. विहार, ज्वाय रेसीडेंसी, यमूना विहार, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के0व्ही0 उषा उपवन फीडर	उषा उपवन कालोनी, एवं लोखण्डी चर्च, एवं आसपास का क्षेत्र।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केंद्रीकृत कॉल सेंटर के फोन नं0 1912 पर दर्ज करावें।"
"विद्युत देयक का भुगतान नियमित करें।"
"असुविधा के लिये खेद है।"

स. 49535

कार्यपालन अभियंता (न0सं0-दो) पश्चिम
छ0स्टे0 पॉ0 डि0कं0लिमि0, बिलासपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा जिला कोरबा (छ.ग.)
E-mail: nagarpalikabankimongra@rediffmail.com Pin No- 495445

क्रमांक / 1964 / निर्माण / न.पा.प./2026-27 बांकीमोंगरा, दिनांक 21.10.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	सिस्टम टेंडर नंबर	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	अंतिम तिथि	भौतिक दस्तावेज प्रस्तुति अंतिम तिथि
1	202307	वार्ड क्र 05, 10 में हनुमान चौक से सोमवारी बाजार तक बी.टी. टॉप रोड निर्माण कार्य।	14.71	11.11.2026 (समय संध्या 5.30 बजे तक)	18.11.2026 (समय संध्या 4.00 बजे तक) निविदा खुलने की तिथि 19.11.2026 को प्रातः 10:30 बजे से
2	202308	वार्ड क्र 07 में दुर्गा पण्डाल जंगल साईड से सुरज देवांगन घर तक बी.टी. टॉप रोड निर्माण कार्य।	12.21		
3	202309	वार्ड क्र 07. 08 में विशेष अग्रवाल घर से ब्रिजेश सिंह घर तक बी.टी. टॉप रोड निर्माण कार्य।	10.95		
4	202313	वार्ड क्र 10 में एस.ई.सी.एल. हॉस्पिटल से कबीर आश्रम सक्ति चौक होते हुए सामुदायिक भवन तक बी.टी. टॉप रोड निर्माण कार्य।	12.67		
5	202316	वार्ड क्र 14 सोनू श्रीवास घर से अजय मिश्रा घर होते हुए प्रमोद घर तक बी.टी. टॉप रोड निर्माण कार्य।	10.14		
6	202324	वार्ड क्र 13 में कटाईनार बस स्टेण्ड से अश्वनी मिश्रा घर होते हुए मंच से बबलू हरिया घर तक बी.टी. टॉप रोड निर्माण कार्य।	16.22		
7	202327	वार्ड क्र 01. 03 में इण्डेन गैस एजेंसी से शास. स्कूल होते हुए सब स्टेशन तक बी.टी रोड निर्माण कार्य।	40.98		

उपेराक्तं कार्य निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/UADTenderUploader/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)

कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)
Email address- gmokorba@gmail.com,
website- www.sbdmscm.edu.in, Telephone-07759-297275

क्र./शा.चि.म.को./स्था./2026/5463 कोरबा, दिनांक : 14.10.26

संविदा भर्ती विज्ञापन

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में संविदा भर्ती नियम-2012 जो चिकित्सा शिक्षा विभाग हेतु लागू हो के आधार पर भरने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुये सोमवार से शुकवार प्रत्येक कार्यदिवस प्रातः 11.00 बजे से वॉक-इन-इन्टरव्यू विज्ञापन जारी दिनांक से आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों/ चिकित्सकों के रिक्त पदो पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर जारी आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु एन.एम.सी. के मापदण्ड की अर्हता रखते हों, स्व.-प्रमाणित दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में कार्यालयीन समय में शासकीय अवकाश को छोड़कर स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु विस्तृत जानकारी संस्थान के वेबसाइट https://sbdmscm.edu.in एवं नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

अधिष्ठाता
स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)

जी. 262704136/1

कोलगेट-पामोलिव का लाभ 4.3 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनी कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 4.3 प्रतिशत बढ़कर 341.57 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 327.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सितंबर तिमाही में कंपनी की बिक्री 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1,691.57 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,507.24 करोड़ रुपये थी।

ऑनलाइन परीक्षा में 75% अंक पर ही ड्राइविंग लाइसेंस देने का प्रस्ताव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए अब ऑनलाइन परीक्षा पास करना आसान नहीं होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़े ऑनलाइन पाठ्यक्रम की परीक्षा में पास होने के लिए न्यूनतम अंक 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए मंत्रालय की ओर से जारी मसौदे के मुताबिक, सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ा यह ऑनलाइन पाठ्यक्रम कम-से-कम 30 मिनट का होगा। इसके अलावा, आधार से सत्यापित ऑनलाइन सेवाओं के तहत ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी कुछ चुनिंदा सेवाओं के लिए शुल्क में छूट देने का प्रस्ताव है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दिया प्रस्ताव

30 दिनों के अंदर सुझाव मांगे गए

मसौदे के तहत पहचान, आयु और निवास के प्रमाण के रूप में आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ई-राशन कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जा सकेंगे। इसके अलावा, नए जारी किए जाने वाले और नवीनीकृत होने वाले प्रत्येक ड्राइविंग लाइसेंस को फॉर्म-7 के तहत लैमिनेटेड या पीवीसी कार्ड के रूप में देने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने मसौदा नियमों पर संबंधित पक्षों से 30 दिन के भीतर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं।



आवेदन पर 15 दिनों के अंदर निर्णय : मसौदे में लाइसेंस में दर्ज विवरण में बदलाव के लिए किए गए आवेदनों पर 15 दिन के भीतर निर्णय लेने का भी प्रस्ताव है। आवेदन खारिज किए जाने की स्थिति में इसके कारण बताने होंगे।

ब्लू एनर्जी बनाएगी कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहन

मुंबई। इलेक्ट्रिक और एलएनजी ट्रक बनाने वाली कंपनी ब्लू एनर्जी मोटर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर के लिए केंद्र सरकार की 'परिवर्तन' योजना से जुड़ गई है। इस योजना का उद्देश्य लक्षित प्रोत्साहन और समन्वित क्रियान्वयन के जरिये पुराने वाणिज्यिक वाहनों की जगह कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को बढ़ावा देना है।



ईवी ट्रक के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा

कंपनी ने कहा कि उसने वाणिज्यिक वाहनों के आधुनिकीकरण की इस पहल के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के साथ शुरुआती समझौता किया है।

सरकार ने नए फार्म में विसंगतियों को सुधारने का काम किया

1 नवंबर को सामने आएगा नया जीएसटी रिटर्न फॉर्म

कारोबारियों के लिए बहुत कुछ बदल रहा इस बार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी परिषद की बैठक के बाद अब कारोबारियों के लिए नया रिटर्न फॉर्म लाने की तैयारी है। सरकार ने नए फॉर्म में तमाम विसंगतियों को सुधारने का काम किया है। जीएसटी परिषद की बैठक में इन सुधारों के बारे में चर्चा भी हुई थी। बैठक में हुए फैसलों के बाद वित्त मंत्रालय ने एक नवंबर को संशोधित जीएसटी रिटर्न फॉर्म का मसौदा परामर्श के लिए 'एमवाईजीओवी.इन' (माईगॉव.इन) मंच पर जारी करने की बात कही है। इनमें जीएसटीआर-1 भी शामिल है, जिसमें कारोबारियों को अपनी बाहरी सप्लाई का ब्योरा देना होता है। केंद्र एवं राज्यों के वित्त मंत्रियों की अगुवाई वाली जीएसटी परिषद ने 8 अक्टूबर को 57वीं बैठक में जीएसटीआर-1/1ए/आईएफएफ फॉर्म के मसौदे को मंजूरी दी थी। संशोधित फॉर्म एक अप्रैल, 2027 से लागू होंगे लेकिन इसका मसौदा पहले ही जारी कर दिया जाएगा, ताकि हितधारक इस पर अपने सुझाव दे सकें। वित्त मंत्रालय के तहत केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) इन फॉर्म को सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए 'एमवाईजीओवी.इन' पोर्टल पर रखेगा।

फॉर्म के मसौदे को 8 अक्टूबर की 57वीं बैठक में मंजूरी मिली थी

एक नवंबर को फॉर्म का मसौदा माईगॉव.इन मंच पर होगा जारी

क्या है सीबीआईसी की तैयारी

सीबीआईसी के जीएसटी नीति प्रभाग के आयुक्त गौरव सिंह ने बताया कि फिलहाल माल एवं सेवा कर में एक बड़ी समस्या रिटर्न (कर वापसी) के ब्योरे में विसंगति है और करीब 80 फीसदी नोटिस ऐसी विसंगतियों के कारण जारी किए जाते हैं। कारोबारी वर्तमान में जीएसटीआर-3बी में बदलाव या संशोधन कर सकते हैं। यह स्व-घोषित रिटर्न और मासिक टैक्स भुगतान फॉर्म हैं। इससे जीएसटीआर-1 के साथ ब्योरे में विसंगति पैदा होती है। सिंह ने बताया कि



फॉर्म में क्या-क्या होंगे बदलाव

जीएसटी रिटर्न फॉर्म इनवॉइस प्रस्तुत करने की सुविधा (आईएफएफ), जीएसटी की तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान (क्यूआरएमपी) योजना के तहत करदाताओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला एक वैकल्पिक मासिक विवरण है। जीएसटीआर-1 बिक्री का मासिक 'इनवॉइस या बिल आधारित रिटर्न' है, जबकि जीएसटीआर-1ए एक संशोधन विवरण है, जो करदाताओं को अपना मासिक जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने से पहले गलतियों को सुधारने या छूटे हुए बिलों का ब्योरा जोड़ने की अनुमति देता है।

जीएसटी परिषद ने क्या किया बदलाव

जीएसटी परिषद ने आठ अक्टूबर को जीएसटी रिटर्न में टैक्स देनदारियों और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों में संशोधन के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य ब्योरे में विसंगतियों को कम करना और नोटिस/सूचनाएं जारी करने की संख्या घटाना है। परिषद ने जीएसटी फॉर्म जीएसटीआर-1/1ए/आईएफएफ में सुधारों को मंजूरी दी थी, ताकि इन फॉर्म में दिए गए ब्योरे का मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में दर्ज ब्योरे के साथ बेहतर मिलान किया जा सके। परिषद ने रिटर्न में आईटीसी की सही जानकारी देने और उसमें सुधार/संशोधन की व्यवस्था को भी मंजूरी दी, ताकि जीएसटीआर-3बी में दावे वाले आईटीसी, जीएसटीआर-2बी में उपलब्ध कराए गए आईटीसी के ब्योरे के अनुरूप हो।



सोना 1,000 रुपए टूटा, चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी 5,900 रुपये टूटकर 10 महीने के निचले स्तर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। यह चांदी का 10 महीने से अधिक का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले चांदी 18 दिसंबर, 2025 को 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच बाजार की धारणा पर दबाव बने रहने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही।''

भारत की यात्रा पूरी कर अमेरिकी विदेश मंत्री लौटे

रुबियो का आर्थिक, रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर रहा जोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के अपने तीन दिवसीय दौरे के समापन पर बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक साझेदारी और ऊर्जा सुरक्षा सहयोग को लगातार मजबूत करने से दोनों देश अधिक सशक्त बनते हैं।

अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और गुजरात के जामनगर स्थित एक प्रमुख रिफाइनरी केंद्र का दौरा किया। रुबियो ने मंगलवार को मुंबई में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, ''क्षेत्र में अपनी आर्थिक और रणनीतिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के बाद अभी भारत से रवाना हुआ हूं। अपनी आर्थिक साझेदारी और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लगातार मजबूत करने से हमारे दोनों देश अधिक सशक्त बनते हैं।''

रुबियो ने अपनी और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें पृष्ठभूमि में मुंबई का प्रसिद्ध 'गेटवे ऑफ इंडिया' नजर आ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री 20 अक्टूबर को मुंबई पहुंचे थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना तथा पश्चिम एशिया संकट पर विचारों का आदान-प्रदान करना था।

- भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई और जामनगर का किया दौरा

जयशंकर के साथ की बैठक :

मुंबई में रुबियो ने विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक की, जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा हुई। उन्होंने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी दी।

भारत के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई

भारत में अमेरिकी मिशन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री रुबियो ने 20 से 22 अक्टूबर तक मुंबई और जामनगर का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य ''अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना, व्यापार एवं निवेश संबंधों को मजबूत करना और समृद्ध तथा सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराना'' था।

अदाणी टोटल गैस का मुनाफा तीन फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 167 करोड़ रुपये रहा। सीएनजी और पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की बिक्री बढ़ने से गैस की लागत में तेज बढ़ोतरी का प्रभाव सीमित करने में मदद मिली। अदाणी समूह की कंपनी एटीजीएल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 34 प्रतिशत बढ़कर 2,102 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान सीएनजी की बिक्री मात्रा 17 प्रतिशत और पीएनजी की बिक्री तीन प्रतिशत बढ़ी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/26/45, दिनांक 13.10.2026.

क्र. सं.	टेन्डर संख्या	विवरण	निविदा बंद/ खुलने की तिथि	मात्रा
1.	03261455	ब्रेक गियर पिन विथ वाशर एण्ड बल्ब कॉटर फॉर कसनब बोगी पिन	11.11.2026	103709 नग
2.	03262608A	ओर्गानिक ब्रेक पैड	12.11.2026	13301 नग
3.	06265162	डिजाईग्न, येनुफेक्चर, सप्लाई एण्ड इरेक्शन ऑफ 05 (फाईव) टन कैपेसिटो डीजल हाईड्रॉउलिक रेल केन	03.11.2026	8 नग
4.	04261350	बैटरी ऑपरेटेड एलईडी बेस्ड टॉर्च लाईट	03.11.2026	9891 नग
5.	03261019	हेलीकल रिप्रंग रोंटर लेरा ग्राउन्ड	11.11.2026	543 नग
6.	01261441B	हाई टेन्साईल ट्रांजिशन सी बी कपलर विथ अनकपलर गियर कोनसिसटिंग ऑफ 15 आइटम	03.11.2026	47 नग
7.	03263177	नकल पिवोट पिन फॉर बॉक्सएनएचएल वैगन	16.11.2026	96451 नग
8.	02263903A	एओएच मेंटेनेंस शिड्यूल ऑफ एनओ–32 चेंजर कंसिस्टिंग ऑफ 32 कॉमन आएटम	26.11.2026	61 सेट
9.	05265374	सप्लाई, इंस्टॉलेशन एण्ड कमिसानिंग ऑफ रिंगल रोक्शन डिजिटल एक्साल काउंटर (एसएसडीएसी) फेज रिवर्सल टाईप एज पर आरडीएसओ स्पेसिफिकेसन नं. आरडीएसओ /एसपीएन/177/2012 (वर्स-ग)–3 और लेटेस्ट	04.11.2026	50 नग
10.	03262931	बोगी बोलस्टर अरेंजमेंट ड्रॉईंग, नं. टी–0-4-654, एल्ट. एच/4, शीट 1 एंड 2	22.10.2026	69 नग

निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सीपीआर/10/पीएच/460 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

f South East Central Railway @secrail

बीते वित्त वर्ष में देश में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



देश में तांबे की मांग बीते वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 2,100 किलो टन हो गई। बुनियादी ढांचा, वाहन और भवन एवं निर्माण क्षेत्रों में मजबूत मांग से इसमें वृद्धि हुई।

इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीए इंडिया) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में तांबे की मांग 1,878 किलो टन रही थी। आईसीए इंडिया के जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी, जो इस दौरान देश की 7.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में तांबे की मांग में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मांग में वृद्धि की प्रमुख वजह बुनियादी ढांचा, वाहन और भवन एवं निर्माण क्षेत्र रहे। इन क्षेत्रों में बिजली के तार एवं केबल, ट्रांसफार्मर, मोटर, वाहन की वायरिंग और अन्य विद्युत एवं औद्योगिक शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचा क्षेत्र तांबे की अतिरिक्त मांग बढ़ाने वाला सबसे बड़ा कारक रहा। देश में तांबे की कुल मांग में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले इस क्षेत्र में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाहन क्षेत्र में भी वित्त वर्ष 2024-25 की धीमी वृद्धि के बाद सुधार देखा गया। यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर की बिक्री बढ़ने से इस क्षेत्र में तांबे की मांग 14 प्रतिशत बढ़ी।

- वाहन और भवन निर्माण क्षेत्र में मजबूत मांग बनी हुई

डेटा सेंटर की स्थापना अभी शुरुआती चरण में

आंकड़ों के अनुसार, देश में डेटा सेंटर की स्थापना अभी शुरुआती चरण में है और तांबे की कुल मांग में इसका योगदान एक प्रतिशत से भी कम रहा। आईसीए इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमारकर ने कहा, ''भारत की आर्थिक गतिविधियों में तेजी तांबे की बढ़ती मांग में दिखाई देती है।

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DIVISION (EAST) NASHIK

E-TENDER NOTICE NO 10 FOR 2026-2027
[ONLINE] [1st Call]

Online E Tenders in B-1 form for the following work invited by Executive Engineer P.W. Division (East) Nashik Bhandhkam Bhavan Premises, Trimbak Road, Tal Dist Nashik Phone No 0253-2317734 for and on behalf of Governor of Maharashtra State from Capable and eligible P.W.Deptt. Registered/Unregistered Contractor or International Contactor whose Sub Company or Branch Located in india, and also completes terms and conditions mentioned in tender document can participate in the tender process. Tender Notice and Tender Documents are also available on our website https://mahatenders.gov.in. Right of Rejection of E-Tender /Cancellation of E-Tenders reserved by the Executive Engineer, P.W. Division (East) Nashik. Conditional Tender will not he accepted.

E-Tender Notice including Total (01) One work below 1100.00 Lakh. Details of mentioned E Tender Notice available on below websites
1) https://mahatenders.gov.in

Tender Document Sale Start and End Date Time	21.10.2026 From 11:00 Hrs	To	28.10.2026 Upto 17:00 Hrs

Note:- 1. E-Tender Fee [non refundable] and Earnest Money will be accepted online only. **2.** All eligible/ intrested Contractors are required to be enroll on portal https://mahatenders.gov.in before down loading tender documents and participate in e-tendering. **3.** Post Qualification Crieteria is applicable for above works. Please Note this to all Registered / Unregistered Contractors.

Executive Engineer
Public Works Division (East) Nashik

आरओसी -2026-27 क्र.- 5/सी 3343

वाहनों को कबाड़ में बदलने फोर्स मोटर्स ने किया रोस्मर्टा से करार

मुंबई। पुणे स्थित फोर्स मोटर्स ने पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलने के लिए रोस्मर्टा ऑटो रीसाइक्लिंग के साथ साझेदारी की है। बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी गई। रोस्मर्टा ने कहा कि इस साझेदारी से फोर्स मोटर्स के ग्राहकों को उसकी सुविधा का लाभ मिलेगा और समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों को हटाने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया उपलब्ध होगी। इस साझेदारी के तहत पात्र वाहनों के लिए जरूरी दस्तावेजी कार्रवाई और कबाड़ बनाने की प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में संचालित अधिकृत पंजीकृत वाहन कबाड़ सुविधा (आरवीएसएफ) रोस्मर्टा प्रदूषण नियंत्रण, वाहन खोलने और सामग्री पुनः प्राप्त करने की प्रक्रियाओं के जरिये समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों के पुनर्चक्रण के लिए पर्यावरण संबंधी मानकों के अनुरूप समाधान उपलब्ध कराती है।

नगरपालिका आम / उप निर्वाचन

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

"लोकतंत्र की शान, आपका मतदान"

नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन
दिनांक 23.10.2026

- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
- सहा. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
- संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय
- दावा/आपत्ति हेतु निर्धारित स्थल

दावा/आपत्ति कौन कर सकता है

पात्र मतदाता -

- जिनकी आयु **01 अक्टूबर 2026** को 18 वर्ष पूर्ण हो गई हो।
- जिनका नाम विधानसभा निर्वाचन की प्रचलित निर्वाचक नामावली में है किन्तु नगरपालिका की निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन में छूट गया है।
- जिनका नाम गलत वार्ड में प्रकाशित हो गया हो।
- जिनका विवरण निर्वाचक नामावली में त्रुटिपूर्ण हो, उसके संशोधन हेतु।
- यदि प्रारंभिक प्रकाशन में किसी मतदाता/स्वयं के निर्वाचक नामावली में नाम होने पर आपत्ति हो तो उसके विलोपन हेतु।

दावा/आपत्ति तिथि :- दिनांक 23.10.2026 से 30.10.2026 (अपरान्ह 03.00 बजे) तक निर्धारित समयावधि में

दावा/आपत्ति का प्रारूप

A.	प्रारूप क	उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 2 एवं 3 हेतु
B.	प्रारूप ख	उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 4 हेतु
C.	प्रारूप ग	उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 5 हेतु
D.	प्रारूप क-1	यदि आपका नाम नगरपालिका की प्रारंभिक प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं विधानसभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली दोनों में नहीं है तो पहले विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाकर प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिनांक 11.11.2026 तक आवेदन करना होगा।

संशोधित नवीन प्रावधान

दावा/आपत्ति का स्थान एवं समय

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चिन्हांकित स्थलों पर प्राधिकृत कर्मचारी को निर्धारित समय पर आवेदन प्रस्तुत कर उसकी पावती अवश्य लेवें।

S-49524/3

पैरा एशियन गेम्स : सभी खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम, कुल पदक संख्या 88 हुई

भारत का दबदबा, चौथे दिन 26 मेडल आए झोली में : 7 गोल्ड, 4 सिल्वर व 15 ब्रॉन्ज



एजेंसी : नागोया

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाडी अपना दबदबा दिखा रहे हैं। सभी खेलों के हुनरबाज खिलाड़ियों ने गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना अपने नाम किया।

एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर T47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर T47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

एथलेटिक्स : सुवर्णा ने 15.66 मीटर डिस्कस फेंका

सुवर्णा ने महिला डिस्कस थ्रो की एफ54 कैटेरी में 15.66 मीटर थ्रो किया। उन्होंने छह प्रयासों में चार बार 15 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। ईरान की शाहला हदीदी 15.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वियतनाम की थी न्गोक थुई गुयेन ने 14.65 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। एफ54 कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी आते हैं, जिनके धड़ और निचले अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये खिलाड़ी थ्रोइंग चेयर से मुकाबला करते हैं। सुवर्णा ने अपना गोल्ड जीतने वाला थ्रो पांचवें प्रयास में किया और पोडियम में पहला स्थान हासिल किया।



एथलेटिक्स : 400 मीटर टी47 में भारत को गोल्ड-सिल्वर

पैरा एथलेटिक्स की महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में भारत ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। अंजनाबेन बुम्बाडिया ने 59.97 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि जयंती बेहरा ने सिल्वर मेडल दिलाया।



एथलेटिक्स : भारत ने हाई जंप में क्लीन स्वीप किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की हाई जंप टी42/टी63 स्पर्धा में भारत ने तीनों मेडल जीतकर पोडियम पर कब्जा जमाया। शैलेश कुमार ने 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता और नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। वरुण सिंह भाटी ने 1.84 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर और राहुल ने 1.81 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारत ने 2022 के बाद लगातार दूसरी बार इस स्पर्धा के तीनों मेडल जीते।



तीरंदाजी की डब्ल्यू1 में स्वाति ने रचा इतिहास



स्वाति चौधरी ने एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी की डब्ल्यू1 कैटेगरी में भारत का पहला मेडल जीता। मेरठ की स्वाति चौधरी को विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में चीन की सेन मेंगकान से 4-6 से हार मिली। इस जीत के साथ स्वाति ने सिल्वर और सेन ने गोल्ड मेडल जीता। सेन दुनिया की 23वें नंबर की तीरंदाज हैं। वे ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में मेरठ की गुरुकुल आर्चरी एकेडमी में ट्रेनिंग करती हैं।

धर्मराज ने लॉन्ग जंप का गोल्ड अपने नाम किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप T44/T62/T64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया। सोलैराज ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 6.80 मीटर की छलांग लगाई थी।



एथलेटिक्स : दिलीप ने लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 48.27 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। भाविककुमार भरवाड़ ने 49.31 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीता था।

सिंधू, अश्मिता फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में, तन्वी और शेट्टी बाहर

पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने बृहस्पतिवार को यहां 9,50,000 डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधू और अश्मिता ने जापान की खिलाड़ियों क्रमशः रिको गुंजी और अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। गैर वरीय अश्मिता दिन की सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में दुनिया की नंबर दो और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची को 37 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। इसके बाद सिंधू ने 44 मिनट तक चले मुकाबले में गुंजी को 21-12, 21-16 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।इससे पहले आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर बाहर हो गए।

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

संजू और नमन के बल्ले से निकली जीत, भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ⏭ क्राइस्ट चर्च

भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 225/4 का स्कोर बनाया, जिसमें ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 82 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन के अर्धशतक (67) और नमन धीर (42*) की मदद से लक्ष्य हासिल किया। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य है।

नमन और अय्यर ने खेली शानदार पारी : भारत की इस जीत में कप्तान अय्यर ने 28 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें एक चौका और 2 छक्के शामिल रहे।



अभिषेक ने तोड़ा शिनवारी का 6 वाला रिकॉर्ड

अभिषेक ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर कवर के ऊपर से शानदार छक्का लगाया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली गेंद पर सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 7वां ऐसा मौका है, जब अभिषेक ने अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। क्रिकबज के मुताबिक, अफगानी बल्लेबाज शिनवारी ने 6 बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था।

रोचक रहा पहला टी-20 मैच

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 45 रन बनाए। उनके बाद फिलिप्स ने अर्धशतक लगाया, जबकि बेवन जैकब्स ने 16 गेंदों में 31 रन का योगदान दिया और कीवी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को संजू सैमसन (67) और अभिषेक शर्मा (29) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (42) ने भी संघर्ष दिखाया। अंत में नमन धीर (42*) ने आखिरी ओवर में जीत दिलाई।

भारत ने रचा इतिहास

भारतीय टीम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य हासिल करने का अपना नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले भारत द्वारा हासिल किया सर्वोच्च लक्ष्य 209 रन का था। भारत ने ऑस्ट्रेलिया (वाईजैक, 2023) और न्यूजीलैंड (रायपुर, 2026) के खिलाफ 209 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।

रवि की तैराकी में पदकों की हैट्रिक

नागोया। भारत के किशोर पैरा तैराक रवि बुडिगिना ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदकों की हैट्रिक पूरी की जबकि तीन अन्य भारतीय तैराकों ने भी पदक जीते। रवि इससे पहले इस सप्ताह पुरुषों की एस13 वर्ग की 100 मीटर बैकस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में भी रजत पदक जीत चुके हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 3 बिलासपुर (छ.ग.)
तृतीय रुचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.)

क्र.39/न.पा.नि./जोन क्र.03/2026-27 दिनांक 22/10/2026

जोन क्र. 03 अन्तर्गत शासकीय सामुदायिक भवनों के संचालन हेतु इच्छुक सामाजिक संस्था/ सोसायटी/एन.जी.ओ./ स्व-सहायता समूह से ई.ओ.आई आमंत्रण दिनांक 03.11.2026 सायंकाल 5.00 बजे तक जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 03 नगर पालिक निगम, टाउन हॉल, बिलासपुर छ.ग. के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त लिफाफा दिनांक 04.11.2026 को सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोला जावेगा। इस संबंध में प्री बिड मिटिंग दिनांक 29.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे जोन आयुक्त, जोन क्र.03, नगर पालिक निगम, टाउन हॉल, बिलासपुर छ.ग. में आयोजित है।

क्र.	कार्य का विवरण
1	वार्ड क्र. 16 कुदुदण्ड श्री कृष्ण यादव समाज सामुदायिक भवन

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन कार्यालय 03 टाउन हॉल से अथवा निगम की वेबपोर्टल http://www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त
Green City, Clean City, Dream City. जोन क्र.03 न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
CIN - U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX (छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (उप-केन्द्र) वृत्त, कोरबा
पता - क्वाटर नं. ओसी-13-14, सीएसईबी कालोनी,कोरबा (पूर्व) छ.ग. - 495677
Website -www.cspc.co.in, Email-SESSOnM.Korba@cspc.co.in, Phone - 07759-222237

क्रमांकः 11-55/क्रय/टी-254/1124 कोरबा, दिनांक 21/10/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एस.यू.व्ही. श्रेणी वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेत

सहायक अभियंता कार्या. कार्यपालन अभियंता (मी.रि.परी.) संभाग, छ.ग.स्टे.पा. ट्रां.कं.लि., कोरबा के कार्यो हेतु एक नग वाहन एस.यू.व्ही. श्रेणी, अवधि 03 वर्ष के लिए किराये पर अनुबंधित करने बाबत्, वाहन मालिक/ट्रेव्हल एजेंसी से सीलबंद निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय
दिनांक 10.11.2026 समय 15:00 बजे तक	दिनांक 11.11.2026 समय 15:00 बजे तक	दिनांक 11.11.2026 समय 15:30 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://cspc.co.in /csptcl_tendernotices/ से डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (उप-केन्द्र) वृत्त
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाऐ छ.स्टे.पा.ट्रां.कं.लिमि., कोरबा

C/PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छ.रा.वि.नि. की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
कार्यालय - कार्यपालन यंत्री (संचा/संधा.) संभाग, छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. चापा

क्र./ 035-45/सामा./ विज्ञापन / 2026-27/2110 चांपा, दिनांक: 21.10.2026

बिजली बंद की सूचना

(संचा. संधा.) संभाग, चांपा के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 220/132/33 के. व्ही. उपकेन्द्र, बनारी में Regarding proposal of 33 KV Main bus shutdown for rectification of multiple damages to the main bus conductor strands at multiple locations and damaged main bus isolator of multiple feeders at 220 KV SS CSPTCL Banari में शटडाउन किया जाना प्रस्तावित है। कार्य के दौरान 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र, बनारी से निकलने वाले नीचे उल्लेखित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र / फीडर प्रभावित होंगे, विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	फीडर का नाम	दिनांक	समय	प्रभावित क्षेत्र
1	33 के.व्ही. जांजगीर	24.10.2026 दिन शनिवार	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रानीपार, शारदा चौक से निकलने वाले समस्त 11 के. व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता
2	33 के.व्ही. श्याम एग्रो			33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र केरा रोड, बी.टी.आई. चौक, नैला भाटापारा से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता
3	33 के.व्ही. नवागढ़- 1 एवं नवागढ़-2			33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुटपुरा, खोखरा, सुकली-पेण्ड्री, धुरकोट, सेमरा, अमोदा, नवागढ़ से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता
4	33 के.व्ही. मड़वा			33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नैला भाटापारा, पहरिया, बसंतपुर से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता
5	33 के.व्ही. महेंद्रा पॉवर			उच्चदाब उपभोक्ता महेंद्रा पॉवर प्रा. लि.
6	33 के.व्ही. श्यामवेयर हॉउसिंग			उच्चदाब उपभोक्ता श्याम एग्रो प्रा. लि.
7	33 के.व्ही. पी.जी.सी.आई.एल. तागा			उच्चदाब उपभोक्ता पी.जी.सी.आई.एल. तागा, उच्चदाब उपभोक्ता उत्तम फुड

आवश्यकता पड़ने पर बिजली बंद का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है। स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचावें, बिजली बिलों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें एवं असुविधा से बचें। विद्युत चोरी कानूनी एवं दण्डनीय अपराध है।

संवाद- 49539 कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. चांपा

शब्द पहेली - 6386



बाएँ से दाए-
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -6385 का हल



सूडोकु नवताल- 6396

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6395 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

&

मिल्कियाना
Balanced Cattle Feed

Presents



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक
हरिभूमि, आईएनएच



मा. रामविचार नेताम
कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद
Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM
Vivekanand Auditorium, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)



श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी
(आई.ए.एस) कृषि उत्पादन आयुक्त



डॉ. गिरीश चंदेल
कुलपति-इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर



श्री राहुल देव
(आई.ए.एस) कृषि संचालक



श्री लोकेश चंद्राकर
(आई.ए.एस) संचालक-उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी



श्री शीतांशु शेखर
महाप्रबंधक (नाबार्ड)



श्री प्रदीप अग्रवाल
डायरेक्टर- मिल्कीयाना पशु आहार



श्री अमित जैन
सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - आईबी ग्रुप



श्री मंदीप सिंह चावला
मैनेजिंग डायरेक्टर- शैमरॉक ओवरसीज लिमिटेड



श्री देवेन्द्र कुमार तिवारी
चीफ मार्केटिंग कंट्रोलर (सेन्ट्रल रिज़न) एरीज़ एग्रो लिमिटेड



श्री सुनीत चतुर्वेदी
सीईओ, एमडी- के.एस.सी. टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड



श्री अनिल शर्मा
प्रगतिशील कृषक



श्री भाविन चावड़ा
प्रगतिशील कृषक



श्री रूपेन्द्र जायसवाल
प्रगतिशील कृषक



श्री इतवारी प्रसाद बंजारे
सीईओ- महामाया मल्टीपर्पस
को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड



श्री आलोक सिंह ठाकुर
प्रदेश अध्यक्ष- भाजपा किसान मोर्चा



श्री अभिषेक मिश्रा
प्रदेश अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस



श्री तेजराम विद्रोही
प्रदेश अध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)



श्री भूपेंद्र दुबे
प्रदेश सचिव- छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ

Supported By

Health Partner

Outdoor Media Partner

प्रथम पृष्ठ का शेष

ब्रिटिश काल में ...

प्राचीन आदिवासी संस्कृति और सहभागी लोकतंत्र का एक जीवंत उदाहरण है। मुरिया दरबार की शुरुआत और इसका इतिहास ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार 8 मार्च 1876 को हुई थी। 1876 का 'मुरिया विद्रोह' इस दरबार के आयोजन का कारण था

1876 में ब्रिटिश नीतियों और बस्तर रियासत के तत्कालीन दीवान गोपीनाथ कपड़दास के शोषण, भ्रष्टाचार और बेगार प्रथा (बिना मजदूरी के जबरन काम) के खिलाफ बस्तर के आदिवासियों का गुस्सा फूट पड़ा था। आदिवासियों ने उग्र होकर जगदलपुर राजमहल को घेर लिया था, जिसे इतिहास में मुरिया विद्रोह कहा जाता है। समझौते का मंच आदिवासियों के इस बड़े आक्रोश को शांत करने और उनकी शिकायतों को सुनने के लिए ब्रिटिश डिप्टी कमिश्नर मैकजॉर्ज ने 8 मार्च 1876 को आदिवासी मुखियों की एक बड़ी बैठक बुलाई। यहीं से आदिवासियों के साथ संवाद स्थापित करने की जो परंपरा शुरू हुई, वह आगे चलकर बस्तर दशहरे का अभिन्न अंग यानी 'मुरिया दरबार' बन गई।

बस्तर दशहरे की मूल पृष्ठभूमि और इसकी विशेषता 600 साल पुरानी परंपरा बस्तर दशहरे की शुरुआत करीब 14वीं-15वीं शताब्दी (लगभग 600 साल पहले) में काकतीय वंश के चौथे शासक महाराजा पुरुषोत्तम देव के शासनकाल में हुई थी। राजा पुरुषोत्तम देव को पुरी (ओडिशा) की यात्रा के दौरान रथपति की उपाधि मिली थी, जिसके बाद से यहां रथ पर आधारित यह अनूठा पर्व शुरू हुआ। देश के अन्य हिस्सों की तरह बस्तर दशहरे का संबंध भगवान राम और रावण के युद्ध से नहीं है। यहां रावण का पुतला नहीं जलाया जाता है। यह पर्व पूरी तरह से अंचल की आराध्या मां दंतेश्वरी और स्थानीय देवी-देवताओं की आराधना, शक्ति पूजा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता को समर्पित है। अंतिम शासक महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव बस्तर बेहद लोकप्रिय और अंतिम काकतीय नरेश थे जिन्होंने 1936 से 1966 तक शासन किया। वे आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए मुखरता से लड़े, जिस कारण आदिवासी उन्हें भगवान की तरह मानते थे। महाराजा प्रवीर चंद्र के समय मुरिया दरबार आदिवासियों के स्वाभिमान और सीधे संवाद का सबसे शक्तिशाली माध्यम बन गया था। वे खुद दरबार में साधारण वेशभूषा में आदिवासियों के बीच जमीन पर बैठते थे, उनकी भाषा में उनकी समस्याएं सुनते थे और तुरंत उनका समाधान करते थे। राजशाही के पतन और आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था के आने के बाद भी इस दरबार का महत्व कम नहीं हुआ। 1947 के बाद इसमें जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल होने लगे और मुरिया दरबार में शामिल आदिवासी और अन्य लोग अपनी समस्या रखते हैं।

आज बालोद में होगा ...

किए जा रहे कार्य और चुनौतियों पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र में जिला पंचायत सहित स्थानीय निकायों के अध्यक्ष शिरकत करेंगे संवाद में दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी भी जिले के विकास में अपने दलों के योगदान पर बात करेंगे। विधायक संगीता सिन्हा, कुंवर सिंह निषाद, अनिला भेड़िया के अलावा विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रहे नेता संवाद में भी भागीदार होंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद भोजराज नाग जिले के विकास में सरकार के प्रयासों के बारे में बताएंगे। वहीं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चौहान जिले में प्रशासनिक चुनौतियों और कानून व्यवस्था पर डॉ हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देंगे।

नक्सलवाद मुक्ति पर ....

आयोजित इंडोर स्टेडियम में 'सेवा सम्मान पर्व' और 'युवा प्रबोधन' कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने कहा, नुआखाई केवल सांस्कृतिक समारोह नहीं, बल्कि समृद्ध परंपराओं, आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता का उत्सव है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने और भारतीय जीवन-मूल्यों को आगे बढ़ाने का अवसर देते हैं।

युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील-

बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि परिस्थितियां और चुनौतियां अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन प्रत्येक युवा में कुछ नया करने, बेहतर बनाने और अपनी पहचान स्थापित करने की ललक होनी चाहिए। जब युवा अपने व्यक्तिगत प्रयासों को सामूहिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों से जोड़ेंगे, तभी देश की प्रगति का मार्ग और मजबूत होगा। उन्होंने युवाओं से अपने कार्यों को ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करने की अपील की। साथ ही श्रेष्ठ आचरण अपनाने और समाज तथा राष्ट्र के प्रति सेवा-भाव बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के ये गुण विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विकसित भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी-

राष्ट्रपति ने समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। महिलाओं की प्रगति का लाभ केवल उन्हें और उनके परिवारों को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को मिलता है। उन्होंने पुरुषों, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी बहनों और बेटियों को ऐसा वातावरण दें, जिसमें वे बिना किसी बाधा के अपने सपनों को पूरा कर सकें। राष्ट्रपति ने कहा, महिलाओं के प्रति सम्मान केवल शब्दों में नहीं, बल्कि सोच, व्यवहार और दैनिक आचरण में भी दिखाई देना चाहिए।

नुआखाई सामाजिक एकता और सेवा भावना का पर्व - राज्यपाल-

राज्यपाल रमेन डेका ने नुआखाई जुहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह पर्व नई फसल के स्वागत, धरती माता के प्रति कृतज्ञता और किसानों के परिश्रम के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर ज्ञान, कौशल और नवाचार के जरिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने रक्तदाताओं, विशेषकर महिला रक्तदाताओं की सराहना की।

राष्ट्रपति का जीवन ....

रक्तदान महाकुंभ में 2,548 लोगों ने किया रक्तदान-

मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान महाकुंभ की सराहना की। इसमें 2,548 लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें 1,188 महिलाएं शामिल थीं। उन्होंने इसे प्रदेश की सेवा भावना और नारी शक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

राष्ट्रपति भवन से ....

को रेखांकित करेगी। यह अवसर इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि कुछ महीने पहले बस्तर के पारंपरिक मांझी-चालकी और लोक कलाकार राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। वहां राष्ट्रपति ने उनका स्वागत किया और उनकी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक नेतृत्व तथा बदलते बस्तर की संभावनाओं पर संवाद किया। अब राष्ट्रपति स्वयं उस धरती पर पहुंच रही हैं, जिसकी परंपराओं के प्रतिनिधियों से उन्होंने देश की राजधानी में मुलाकात की थी।

सदियों की परंपरा, लोक आस्था और जनभागीदारी का उत्सव-

देश के अधिकांश हिस्सों में दशहरा भगवान राम की विजय और रावण दहन से जुड़ा है, लेकिन बस्तर में इसकी पहचान मां दंतेश्वरी की आराधना, स्थानीय देवी-देवताओं, पारंपरिक अनुष्ठानों और सामुदायिक सहभागिता से है। लगभग 75 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव की परंपरा करीब छह शताब्दी पुरानी मानी जाती है।

बस्तर दशहरा की विशेषता उसकी भव्यता भर नहीं, बल्कि उसके आयोजन में समाज की व्यापक भागीदारी है। पाटजात्रा से आरंभ होने वाली परंपराओं में रथ निर्माण, काछनगादी, जोगी बिठाई, मावली परघाव और रथयात्रा जैसे अनुष्ठान स्थानीय आस्था तथा सामाजिक जीवन के विविध आयामों को जोड़ते हैं। दूर-दराज के गांवों से देवी-देवताओं के प्रतीक और उनके प्रतिनिधि जगदलपुर पहुंचते हैं। अलग-अलग समुदाय अपनी परंपरागत जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं।

इस उत्सव का मुरिया दरबार विशेष महत्व रखता है। बस्तर की पारंपरिक व्यवस्था में यह स्थानीय समाज और शासन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। मांझी, चालकी और अन्य पारंपरिक प्रतिनिधियों की सहभागिता इस व्यवस्था को विशिष्ट बनाती है। बदलते समय के साथ इसका स्वरूप विकसित हुआ है, लेकिन सामुदायिक प्रतिनिधित्व और संवाद की ऐतिहासिक भावना आज भी इसकी पहचान है।

राष्ट्रपति का इसी मुरिया दरबार में शामिल होना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि बस्तर की पारंपरिक सामाजिक संस्थाओं की निरंतरता का प्रतीक है।

बस्तर दशहरा की ऐतिहासिक परंपराओं में ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा प्रसंग भी उल्लेखनीय है। बस्तर के राजा पुरुषोत्तम देव की जगन्नाथपुरी यात्रा और उन्हें 'रथपति' की उपाधि मिलने की परंपरागत कथा बस्तर की रथयात्रा के इतिहास से जुड़ी है।

राष्ट्रपति भवन में बस्तर का सम्मान, अब बस्तर में राष्ट्रपति का आगमन-

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और बस्तर के बीच सांस्कृतिक संवाद का यह पहला अवसर नहीं है। इसी वर्ष 7 फरवरी को उन्होंने जगदलपुर में बस्तर पंडुम 2026 का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा था कि यहां किसान बीज बोते हैं तो पंडुम होता है और आम का मौसम आता है तो भी पंडुम होता है। बस्तर के लोग जीवन के प्रत्येक पहलू को उत्सव के रूप में मनाते हैं। इसके बाद 30 जुलाई 2026 को एक और महत्वपूर्ण अवसर आया। बस्तर पंडुम के विजेता दल, निर्णायक मंडल में शामिल परगना मांझी, चालकी और समाज प्रमुख राष्ट्रपति भवन पहुंचे। राष्ट्रपति ने उनका स्वागत करते हुए बस्तर की समृद्ध जनजातीय परंपराओं, लोक कलाओं और सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

इस मुलाकात में राष्ट्रपति ने मांझी और चालकी की सामाजिक भूमिका का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने इन्हें समाज और प्रशासन के बीच प्रभावी सेतु बताया तथा बस्तर पंडुम और बस्तर दशहरा जैसे आयोजनों में उनके योगदान को रेखांकित किया। अब 23 अक्टूबर को उन्हीं पारंपरिक संस्थाओं से जुड़े मुरिया दरबार में राष्ट्रपति की उपस्थिति इस संवाद को एक नया आयाम देगी।

लंबे समय तक नक्सली हिंसा से प्रभावित रहे इस क्षेत्र के निवासियों ने असुरक्षा, विस्थापन और विकास संबंधी अनेक चुनौतियों का सामना किया है। सितंबर 2024 में नक्सली हिंसा के पीड़ितों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपनी पीड़ा और शांति की आकांक्षा साझा की थी। इस प्रकार राष्ट्रपति के साथ बस्तर के संवाद में सांस्कृतिक गौरव के साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक अपेक्षाओं को भी स्थान मिला है। फरवरी में बस्तर पंडुम के अवसर पर राष्ट्रपति ने क्षेत्र में शांति, शिक्षा और विकास की संभावनाओं पर भी अपने विचार रखे थे। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए विकास की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता बताई थी।

बदलते बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच-

बस्तर का नाम लंबे समय तक राष्ट्रीय समाचारों में नक्सली हिंसा और सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में प्रमुखता से आता रहा है। लेकिन बस्तर की वास्तविक पहचान इससे कहीं अधिक व्यापक है। यहां की प्राचीन लोक परंपराएं, जनजातीय कला, शिल्प, संगीत, नृत्य, प्राकृतिक संपदा और सामुदायिक जीवन भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के अवसर मिले हैं। इसी दृष्टि से राष्ट्रपति का बस्तर दशहरा प्रवास विशेष महत्व रखता है। यह आयोजन देश को बस्तर की उस पहचान से परिचित कराने का अवसर है, जिसे यहां के लोगों ने सदियों से संजोकर रखा है। मुरिया दरबार में पारंपरिक नेतृत्व की उपस्थिति यह भी याद दिलाती है कि जनजातीय समाज केवल सांस्कृतिक विरासत का वाहक नहीं, बल्कि अपने सामाजिक जीवन और भविष्य से जुड़े निर्णयों में सक्रिय भागीदार है।

जनजातीय समाज से ....

30.62 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजातियों की है। गोंड, माड़िया, मुरिया, हल्बा, भतरा, उरांव, कंवर और अन्य समुदाय अपनी विशिष्ट भाषाओं, परंपराओं और सामाजिक संरचनाओं के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को समृद्ध बनाते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी जनजातीय समुदाय से आते हैं। ऐसे में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री की जनजातीय पृष्ठभूमि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनजातीय समाज की भागीदारी के व्यापक महत्व को दर्शाती है।

अचानक बस हुई ...

जबकि करीब 20 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें चार यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सोरी-केल्हारी से मनेन्द्रगढ़ की ओर आ रही बस में करीब 40 यात्री सवार थे। बस सेमरमथानी मोड़ के पास पहुंची थी, तभी तेज रफ्तार होने के कारण चालक उस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई यात्री उसके भीतर फंस गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।हादसे में बस चालक सलाउद्दीन भी काफी देर तक बस में फंसा रहा। स्थानीय लोगों और राहत दल ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। उसे मनेन्द्रगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया।

हादसे की जांच में जुटा प्रशासन-

घटना केल्हारी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुर्घटना की जांच शुरू की। हादसा किस वजह से हुआ, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों के साथ-साथ अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका के बीच लोगों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से मनेन्द्रगढ़-जनकपुर मार्ग पर चलने वाली सभी यात्री बसों की विशेष जांच अभियान चलाने की मांग की है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची-

बस हादसे की सूचना मिलते ही केल्हारी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल यात्रियों का इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

पूर्व विधायक गुलाब भी पहुंचे घटनास्थल-

हादसे की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों एवं प्रभावित परिवारों के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों से घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की बात कही। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है।

इंस्टाग्राम पर सोनिया...

पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वह अब तक सोशल मीडिया से दूरी बनाए हुए थीं। उनके वीडियो संदेश या बयान पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से जारी किए जाते रहे हैं। इंस्टाग्राम पर आने के तुरंत बाद सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल गांधी, बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा और कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट को 'फॉलो' किया। उनके अकाउंट पर फॉलोअर की संख्या तेजी से बढ़ी और कुछ ही घंटों में यह एक लाख को पार कर गई। राहुल गांधी समेत इंस्टाग्राम पर मौजूद कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं ने भी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के अकाउंट को 'फॉलो' किया। कांग्रेस के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर सोनिया गांधी का स्वागत किया और उनकी आगामी पुस्तक को लेकर उत्सुकता जाहिर की। वीडियो में सोनिया गांधी अपनी पुस्तक की पहली प्रति लेते हुए दिखाई देती हैं और इस अवसर पर अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ मिठाई बांटती नजर आ रही हैं। वह यह भी बताती हैं कि पुस्तक में बहुत सारी तस्वीरें हैं। इंस्टाग्राम पर उनके दस्तक देने के कुछ घंटे के भीतर ही उनके पहले वीडियो को 1.80 लाख लोगों ने लाइक किया। अपनी दूसरी इंस्टाग्राम पोस्ट में सोनिया गांधी ने पुस्तक के पन्ने पलटते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की।

साड़ी पहनकर फायरिंग,...

इसके बाद मामले में तूल पकड़ लिया है, इसी बीच पुलिस अधीक्षक से रेंज के आईजी ने स्पष्टीकरण मांगा है।

छत्तीसगढ़ में छोटे ...

कारक भी औद्योगिक दक्षता से जुड़े हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की पत्रिका सर्वेक्षणा इस अध्ययन में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) 2022-23 के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इसमें कारखानों को कर्मचारियों की संख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है—10 तक श्रमिक, 11 से 50 श्रमिक, 51 से 200 श्रमिक और 200 से अधिक श्रमिक। अध्ययन में शामिल कुल 2,06,523 कारखानों में 75,069 यानी 36.3 प्रतिशत कारखानों में 10 तक श्रमिक थे। वहीं, 72,115 कारखाने यानी 34.9 प्रतिशत ऐसे थे, जिनमें 11 से 50 श्रमिक काम करते थे। इस प्रकार इन दोनों श्रेणियों के कारखाने कुल संख्या के 71.2 प्रतिशत थे। लेकिन उत्पादन में उनका योगदान इस अनुपात के अनुरूप नहीं था।

उत्पादन में योगदन संख्या के अनुपात में कम-

रिपोर्ट में कहा गया है कि 10 तक श्रमिकों वाले कारखानों का सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में हिस्सा 1.9 प्रतिशत और 11 से 50 श्रमिकों वाले कारखानों का हिस्सा 8 प्रतिशत था। इसके विपरीत, 200 से अधिक श्रमिकों वाले कारखाने कुल कारखानों का केवल 10.4 प्रतिशत थे, लेकिन उन्होंने कुल रोजगार में 63.1 प्रतिशत और सकल मूल्यवर्धन में 72.4 प्रतिशत योगदान दिया। अध्ययन के अनुसार, सभी कारखानों का कुल जीवीए 21.97 लाख करोड़ रुपये अनुमानित था।

आरएंडडी इकाई की भी कमी-

अध्ययन में (आरएंडडी अनुसंधान एवं विकास की भूमिका भी सामने आई है। कुल कारखानों में केवल 2.7 प्रतिशत के पास आरएंडडी इकाई थी। 10 तक श्रमिकों वाले कारखानों में यह अनुपात 0.6 प्रतिशत था, जबकि 200 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों में 12.4 प्रतिशत था। अध्ययन में पाया गया कि आरएंडडी इकाई वाले कारखानों में प्रति श्रमिक औसत जीवीए, बिना ऐसी इकाई वाले कारखानों की तुलना में अलग-अलग आकार की श्रेणियों में लगभग 2.1 से 3 गुना तक अधिक था।

इस निष्कर्ष से उद्योग असहमत-

छत्तीसगढ़ को लेकर किए गए अध्ययन में सामने आए निष्कर्ष को लेकर हमने रायपुर स्थित उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग से बात की। उन्होंने इस बारे में में साफ कहा कि वे इस निष्कर्ष से असहमत है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों में बहुत संख्या में एमएसएमई आते हैं। उत्पादन में इनका योगदान करीब 40- 50 प्रतिशत माना जाता है। इसलिए ये मानना कठिन है कि छत्तीसगढ़ में छोटे कारखानों का उत्पादन 10 फीसदी है।

जियो आईपीओ, महज दो....

खरीदारों (क्यूआईबी) की ओर से सबसे अधिक मांग आई। इस श्रेणी में 13.29 गुना अभिदान मिला। वहीं गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आरक्षित हिस्से को 5.97 गुना बोली मिली। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी में 1.54 गुना बोली मिली। कर्मचारियों की श्रेणी में 2.10 गुना और शेयरधारकों के लिए आरक्षित हिस्से को 4.05 गुना अभिदान मिला है। बड़े निवेशकों को आवंटित शेयरों को छोड़कर शेष हिस्से के लिए कुल 1.23 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं। इससे पहले जियो प्लेटफॉर्म्स ने 19 अक्टूबर को 212 बड़े निवेशकों से करीब 8,110 करोड़ रुपये जुटाए थे। इन निवेशकों को 1,119 रुपये प्रति शेयर की दर से शेयर आवंटित किए गए। यह मूल्य दायरे की ऊपरी सीमा है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सर्भा प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हौलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- जिम में मैनेजमेंट संबंधित सभी कार्य करने हेतु स्मार्ट युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- लेवल अप फिटनेस, मिनी स्टेडियम, गांधी चौक बिलासपुर 9144 444774, 9522266668 (42158)

आवश्यकता है- FMCG कम्पनी में 1वर्ष अनुभवी सेल्समैन-3, ऑफिस में स्टॉक लिखने निकालने हेतु 3 लड़कियां, लोडिंग अनलोडिंग हेतु ऑफिस बॉय-5, एकाउंटेंट-1, ड्राइवर-2, वेतन-योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार, बिलासपुर 07752411422 (42154)

आवश्यकता है- क्लिनिक में काम करने के लिए एक रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है जो ईसीजी एवं ईको आदि करने में सहयोग कर सके। संपर्क करें: एटीटाम हार्ट क्लिनिक 89623 11923, 7587134363 (42151)

आवश्यकता है-कपड़ा दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्फर की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पर्ख रिंग रोड नं-2, नर्मदा नगर बिलासपुर 7777080903 (42139)

आवश्यकता है
नए ट्रक्लिर शोरूम में
शोरूम के लिए
ऑफिस बॉय - 4 पद
प्यून - 2 पद
सेल्समैन - 2 पद
डाटा एन्ट्री - 2 पद
एकाउन्टेंट - 2 पद
वर्कशॉप के लिए
मैकेनिक - 4 पद
जूनियर मैकेनिक - 3 पद
हेल्पर - 5 पद
वॉशिंग बॉय - 4 पद
सुपरवाइजर - 2 पद
वर्कशॉप मैनेजर - 2 पद
पार्ट्स असिस्टेंट - 2 पद
की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क करें- दयालबंद मेन रोड जगमल चौक बिलासपुर
9522621707

आवश्यकता है- ड्राइवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, सुरक्षागार्ड, धोबी और लेबर हेतु ठेकेदार चाहिए। सम्पर्क करें- भारत टेन्ट हाउस होटल राज बिल्डिंग, शीतला माता मन्दिर के पास, दयालबंद, बिलासपुर 9826681000, 8516986000 (42145)

आवश्यकता है- सरकंडा बिलासपुर के 20 से 25 साल का लड़का आफिस कार्य हेतु इंटरनेट / टायपिंग ज्ञान , ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट, एलएलबी को प्राथमिकता समय 9.15 Am से 6. PM संपर्क मो.9131170372 (42152)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट ऑफिस में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- डी-ब्लॉक शॉप नम्बर 402, 4th फ्लोर, सत्यम चौक बिलासपुर 8461997770 (42159)

आवश्यकता है- लॉज में डे और नाइट ड्यूटी हेतु एवं घर में रहकर घर में काम करने हेतु और सुपरवाइजर काम हेतु लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (42146)

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5 वर्ष, शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:- 9109136936, 9109972720 (096)

आवश्यकता है- सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़की (योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट) एवं टैली एकाउंटिंग डेटा एंट्री ऑपरेटर तथा अच्छा ड्राइवर चाहिए सम्पर्क करें- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 98933 67787 (42160)

आवश्यकता है- ईरिक्शा ड्राइवर (महिला/ पुरुष) सुपरवाइजर, मार्केटिंग सेल्स मैनेजर (मेल/ फीमेल) सैलरी 10000+ तत्काल सम्पर्क करें- कल्याण ज्वैलरी के सामने अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177, 78058 84040 (बायोडाटा व्हाट्स एप्प करें) (42155)

आवश्यकता है- गैरेज में कार्य हेतु मैकेनिक, वर्कर (कार वॉशिंग) हेल्पर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, स्मार्ट रोड, संजीवनी अस्पताल के पास बिलासपुर 7974332986 (42143)

आवश्यकता है- एकाउंटेंट (Telly की सम्पूर्ण जानकारी हो) सुपरवाइजर- 3पद (तार फैक्ट्री हेतु) सेल्समैन 2पद (बिलिंग मेटरीयल हेतु) पता- कैलाश इंडस्ट्रीज R.K. दाल मिल गली न्यू बस स्टैण्ड के पीछे सिरगिट्टी 7000157773 (42141)

आवश्यकता है- एडवेंचर गेम खिलाने, खिलाड़ियों को गाइड करने, नियम समझाने एवं सहायता करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। अच्छा व्यवहार, कम्युनिकेशन स्किल, जिम्मेदारी वाले उम्मीदवार ही सम्पर्क करें- Alakart Bilaspur 7000549730 (42148)

आवश्यकता है- ट्रव्हीलर एजेन्सी में सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, सर्विस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, डिजीटल कॉलिंग एग्जीक्यूटिव, फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव। सेलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9039167202 (42116)

आवश्यकता है-मित्तल स्टील इस्पात मोहदा बिलासपुर में डिप्लोमा मैकेनिकल-1 डिप्लोमा इलेक्ट्रीकल-1, ITI फिटर- 2, ITI इलेक्ट्रीशियन-1 वेल्डर सहायक-1, कार ड्राइवर-1 की। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार FCI रोड बिलासपुर 7879883245 (42137)



आवश्यकता है- सिविल इं जी नि य र - ऑ टो कै ड , स्ट्रक्चरल ड्रॉइंग तथा साइट मैनेजमेंट अनुभवी एवं सिविल साइट सुपरवाइजर- निर्माण कार्य तथा स्वतंत्र रूप से साइट संचालन का अनुभवी। वेतन- योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 98270 72000 (42094)

आवश्यकता है-शाकाहारी खाना बनाने के लिए महिला एवं डिलिवरी बॉय की आवश्यकता है, सरकण्डा क्षेत्र वालो को प्राथमिकता दी जाएगी वेतन- 5000 से 8000, सम्पर्क करें- 8962750640, 62623 54545 (42132)

बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से लगी कॉलोनी में सभी साइज, सुविधाओं सहित प्लॉट उपलब्ध रेलवे स्टेशन, कालेज, हॉस्पिटल्स, स्कूल, पेट्रोल पम्प मेन मार्केट से लगा रेट 1800/- वर्गफुट सम्पर्क- 9893958173 (42041)

बेचना है- अलका एवेन्यू कॉलोनी उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास बिलासपुर में 34×55= 1870 वर्गफुट पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन में 2 प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 8839864986 (42142)

बेचना है- बिलासपुर में प्लॉट बेचना है (1) सकरी रोड रामा लाइफ सि

अब उन्नत तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ शुरू हो चुका है

संजीवनी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

हमारे विशेषज्ञ डॉक्टर्स

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग


DR YUSUFF MEMAN
MBBS, MS, FSOG, FIAGES, FMAS, FACRSI
DIRECTOR, SURGICAL ONCOLOGIST


DR ARPAN CHATURMOHTA
MBBS, MS, MCH, FIAGES
HEAD OF SURG. ONCOLOGY


DR VIVEK PATEL
MBBS, MS, MCh
SURGICAL ONCOLOGIST


DR KALYAN PANDEY
MBBS, MS, MCh
SURGICAL ONCOLOGIST


DR VIKAS AGRAWAL
MBBS, DrNB, PDF, FMAS
SURGICAL ONCOLOGIST


DR DIVYA KHATORE
MBBS, MS, DrNB
SURGICAL ONCOLOGIST


DR NEHA JAISWAL
MBBS, DGO, DNB, FMAS
GYNAEC ONCOLOGIST

कीमोथेरेपी


DR ANIKET THOKE
MBBS, MD, ESMO Certified
MEDICAL ONCOLOGIST


DR AYUSH DUBEY
MBBS, MD, DM (MEDICAL ONCOLOGY), ESMO Certified, MEDICAL ONCOLOGIST

रक्त रोग


DR VIKAS GOYAL
MD, DM (HAEMATOLOGY)
HAEMATOLOGIST & HEMATONCOLOGIST


DR ADAMYA GUPTA
MD, DM (CLINICAL HEMATOLOGY)
HAEMATOLOGIST & HEMATONCOLOGIST

रेडियोथेरेपी


DR RAMESH KOTHARI
MBBS, MD, DMRT
RADIATION ONCOLOGIST


DR SATISH DEWANGAN
MBBS, MD
RADIATION ONCOLOGIST

प्लास्टिक सर्जरी


DR ANIRUDDH GUPTA
MBBS, MS, MCh
PLASTIC SURGEON

पेन व पैलिएटिव


DR AVINASH TIWARI
MBBS, MD, FIPM, PAIN & PALLIATIVE MEDICINE, SUPPORTIVE CARE

ब्लड बैंक


DR AAMIR HUSAIN
BLOOD BANK MANAGER

कार्डियक सर्जरी


DR. ASHIMA BHELOTKAR
MBBS, MS (GENERAL SURGERY), DNB (CTVS), SENIOR CONSULTANT CTVS

कार्डियोलॉजी


DR. NIKHIL MOTIRAMANI
MBBS (GOLD MEDALIST), MD MEDICINE, DM CARDIOLOGY (JIPMER), FSCAI, FAPSC, CHIEF INTERVENTIONAL CARDIOLOGIST

न्यूरोलॉजी


DR RAHUL PATHAK
MBBS, MD, FINS
NEURO PHYSICIAN & INTERVENTIONAL NEUROLOGIST

नेफ्रोलॉजी


DR PREMRAJ DEBTA
MD, DRNB NEPHROLOGIST, KIDNEY TRANSPLANT PHYSICIAN


DR KUMARI MONIKA
MBBS, MD, DM, CONSULTANT NEPHROLOGIST

रेडियोलॉजी विभाग


DR PRASHANT SAHU
MBBS, DMRD, DNB
CONSULTANT RADIOLOGIST


DR SHUBHAM ASRANI
MBBS, MD
INTERVENTIONAL RADIOLOGIST


DR PAAVANI JAISWAL
MBBS, DMRD, DNB
CONSULTANT RADIOLOGIST

गैस्ट्रो


DR AYUSH SOMANI
MBBS, MD, DrNB
GASTROENTEROLOGIST, HEPATOLOGIST & THERAPEUTIC ENDOSCOPIST

यूरोलॉजी


DR GHANSHYAM HATWAR
MBBS, MS, MCh
UROLOGIST AND ANDROLOGIST

हिस्टोपैथोलॉजी विभाग


DR PARVATI JOSHI
MBBS, MD (PATH)
HISTOPATHOLOGIST


DR ANNAPURNA KUMARI
MBBS, DNB PATHOLOGY
HISTOPATHOLOGIST


DR GAURAV
PATHOLOGIST

न्यूरोसर्जरी


DR SAGAR RATHOD
MBBS, MS, MCh
NEUROSURGEON

पल्मोनोलॉजी


DR PALASH SAXENA
MBBS MD (Respiratory Medicine)
CONSULTANT PULMONOLOGIST

ऑर्थोपेडिक्स


DR PIYUSH SHUKLA
MS (ORTHOPAEDICS), FIJR, FIPM, CONSULTANT – ORTHOPAEDICS LEAD ARTHROPLASTY & ARTHROSCOPY

क्रिटिकल केयर, एनेस्थीसिया एवं आपातकालीन चिकित्सा विभाग


DR HITEN MISTRI
MBBS, MD (ANESTHESIA)


DR SONAL BAJPAYEE
DNB, IDCCM CRITICAL CARE


DR RAHUL GOYAL
MBBS, MD (ANAESTHESIA), FNB (CRITICAL CARE) ANESTHESIOLOGIST


DR VINOD RAMVATH
MBBS, MD (ANAESTHESIOLOGY), ANESTHESIOLOGIST AIIMS


DR PRAKHYAT SHETTY
MBBS, MD ANAESTHESIA & CRITICAL CARE


DR G.R. AGRAWAL
MBBS, MD (GENERAL MEDICINE), FNB (CRITICAL CARE)


DR VIPIN CHANDRAKAR
MBBS, DA, ANESTHESIOLOGIST

न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग


DR SHONALI THAKUR
MBBS, MD, NUCLEAR MEDICINE PHYSICIAN

DR VIVEK BAGHEL
MBBS, MD, FABNM, NUCLEAR MEDICINE PHYSICIAN

फिजियोथेरेपी विभाग

DR NALNESH SHARMA
BPT, MS (CLINICAL REHABILITATION)

DR SANJEEV
PHYSIOTHERAPIST

DR. DIVYA
PHYSIOTHERAPIST

आहार चिकित्सा विभाग

DT. NISHA GUPTA
DIETITIAN

DT. NIHARIKA
DIETITIAN

संजीवनी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स

350 BEDS TOTAL IN RAIPUR

UNIT I RAIPUR

UNIT II RAIPUR

UNIT III RAIPUR

UNIT IV RAIPUR

BILASPUR

JAGDALPUR

AMBIKAPUR

अत्याधुनिक चिकित्सा, उपकरण, तकनीक व सुविधाएँ

TELE-ROBOTIC SURGERY

CATH LAB

TRUEBEAM RT

LATEST PET SCAN

192 SLICE CARDIAC CT

SPECT SCAN

MRI

ENDOSCOPY ERCP, BRANCHOSCOPY & EUS

NEURO NAVIGATION NEURO MICROSCOPE

3D-4K LAPAROSCOPY

ECHO, TMT, PFT

DIALYSIS MACHINE

- मध्य भारत में पहली बार अत्याधुनिक SGRT, आइडेंटिफाई एवं मोशन मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर की सुविधा। मरीज की शारीरिक हलचल और सांसों के उतार-चढ़ाव की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के साथ अधिक सटीक रेडिएशन ट्रीटमेंट।
- टेली-रोबोटिक सर्जरी की सुविधा, जिससे दूसरे शहरों में बैठे विशेषज्ञ डॉक्टर रायपुर के मरीजों का वहीं से ऑपरेशन कर सकें।
- हृदय रोगों के उपचार हेतु फिलिप्स एज्यूरियन 5सी20 कैथ लैब (20 सेमी डिटेक्टर), जो कम समय में तेज़ और न्यूनतम रेडिएशन के साथ उन्नत उपचार की सुविधा प्रदान करती है।
- न्यूरो एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी हेतु कैथ लैब, जिसमें अंतर्निर्मित सीटी स्कैन की सुविधा है, जिससे मरीज को सीटी स्कैन के लिए अलग से शिफ्ट करने की आवश्यकता नहीं होती।
- इन-हाउस हिस्टोपैथोलॉजी, फ्रोजन सेक्शन एवं अत्याधुनिक वेंटाना मशीन द्वारा IHC की सुविधा। छत्तीसगढ़ का पहला वाइडेस्ट बोर 192-स्लाइस वर्चुअल एंजियोग्राफी सुविधा युक्त कार्डियक सीटी।
- बिना जरूरत एंजियोप्लास्टी से बचाने हेतु 'मायोकार्डियल स्ट्रेस थैलियम टेस्ट' जांच सुविधा युक्त कार्डियोलॉजी विभाग। ट्रॉमा एवं ब्रेन और स्पाइन ट्यूमर के उपचार हेतु न्यूरो नेविगेशन एवं न्यूरो माइक्रोस्कोप की सुविधा।
- इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग में ट्यूमर एम्बोलाइज़ेशन, माइक्रोवेव ट्यूमर एब्लेशन, वैरिकोज़ वेन्स का उपचार, टनल्ड कैथेटर एवं लाइन्स लगाने तथा पर्क्यूटेनियस बाइलियरी स्टेंटिंग जैसी आधुनिक उपचार सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- छत्तीसगढ़ में पहली बार 10 बेडेड पैन , हॉस्पिस एंड पैलिएटिव केयर डिपार्टमेंट जिसमे अंतिम अवस्था के मरीजों का गरिमापूर्ण इलाज व होम केयर

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छग

7389905010, 7389904010



27 किलो वजनी और 300 साल पुराना अनोखा ताला, खोलने के लिए चाहिए दो चाबियां और खास तरीका

हैदराबाद। आज के डिजिटल और हाईटेक दौर में हम अपने घरों की सुरक्षा के लिए फिंगरप्रिंट सेंसर, पासवर्ड और आधुनिक डिजिटल तालों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी ऐसे ताले के बारे में सुना है, जिसे खोलने के लिए किसी भारी-भरकम चाबी की नहीं, बल्कि एक खास तकनीक और कई चरणों से गुजरना पड़ता है? हाल ही में तेलंगाना से ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक प्राचीन ताले ने

दो चाबियों और खास तकनीक से खुलता है ताला

इतिहास के जानकार गंगाधर राव के अनुसार, इस ताले की बनावट और इसे खोलने की तकनीक आज के तालों से बिल्कुल अलग और काफी जटिल है। इसे खोलने की प्रक्रिया किसी फिल्म के रहस्यमयी दरवाजे को खोलने जैसी लगती है। इस भारी-भरकम ताले को खोलने के लिए दो अलग-अलग प्रणालियों और चाबियों का इस्तेमाल करना पड़ता है। पहले ताले के मुख्य हिस्से की चाबी हटानी होती है। इसके बाद दूसरी चाबी को तय छेद में डालकर उसे सावधानी से दो बार घुमाना पड़ता है। तभी इसका भारी-भरकम कुंडा बाहर निकलता है।



किलों और राजमहलों की सुरक्षा में आते थे काम

सैकड़ों साल पहले इस तरह के भारी-भरकम और मजबूत तालों का इस्तेमाल आम घरों में नहीं होता था। इन्हें बड़े-बड़े किलों, राजमहलों के शाही दरवाजों और सुरक्षा चौकियों पर लगाया जाता था, ताकि दुश्मन या चोर इन्हें आसानी से न तोड़ सकें. उस दौर के कारीगरों की लोहे पर की गई कारीगरी और उनकी मेहनत आज भी लोगों को हैरान कर देती है।

पुरानी कारीगरी और तकनीक की मिसाल है यह ताला

आज के समय में लोहे के ऐसे विशाल और कलात्मक ताले मिलना बेहद मुश्किल है। यह वस्तु न केवल पुरानी कारीगरी का बेहतरीन नमूना है, बल्कि देश के समृद्ध इतिहास और वास्तुकला की झलक भी पेश करती है। इस तरह की प्राचीन चीजें बताती हैं कि बिना आधुनिक मशीनों के भी हमारे पूर्वज मजबूत और टिकाऊ तकनीक विकसित करने में माहिर थे. यह दुर्लभ ताला आज की पीढ़ी के लिए इतिहास और प्राचीन कारीगरी को करीब से जानने का एक खास जरिया बन गया है।

यह कोई आम ताला नहीं है, बल्कि इसका वजन सुनकर ही लोग हैरान हो सकते हैं। इस विशालकाय एंटीक ताले का वजन 27.5 किलोग्राम है। पुरानी ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने वाले एक स्थानीय संग्रहकर्ता के पास मौजूद यह ताला राजशाही दौर की याद दिलाता है। बताया जाता है कि यह करीब 200 से 300 साल पुराना है और राजा-महाराजाओं के समय का है।

एआई की मदद से सामने आई असली कीमत!

मां की 60 साल पुरानी पेंटिंग ने परिवार को बनाया मालामाल

न्यूयार्क। घर की दीवार पर लगी कोई पेंटिंग हमारे लिए सिर्फ सजावट का सामान हो सकती है। कई बार हम सालों तक उसे देखते रहते हैं, लेकिन उसकी असली कीमत से अनजान होते हैं। न्यूयॉर्क की एक महिला के परिवार के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ. घर में करीब 60 साल से टंगी एक पुरानी पेंटिंग को परिवार मामूली आर्टवर्क समझता था, लेकिन जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उसकी पहचान करने की कोशिश की गई, तो ऐसा राज खुला जिसने सबको हैरान कर दिया। कभी महज 100 डॉलर में खरीदी गई इस पेंटिंग की नीलामी करीब 2.5 करोड़ रुपए में हुई।

यह कहानी न्यूयॉर्क की आर्ट टीचर हेलेन प्लॉटकिन की है। साल 1966 में वह एक सेकंड हैंड सामान की दुकान पर गई थीं। वहां उन्हें एक पेंटिंग पसंद आई और उन्होंने उसे सिर्फ 100 डॉलर में खरीद लिया। इसके बाद यह पेंटिंग उनके घर की दीवार पर सज गई। परिवार के लिए यह एक खूबसूरत कलाकृति थी, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि इसके पीछे कला की दुनिया से जुड़ा एक खास इतिहास छिपा हुआ है।

एआई ने सुलझाई गुत्थी तो 2.5 करोड़ में बिकी पेंटिंग!

पेंटिंग की पहचान करना आसान नहीं था। उस पर कलाकार के हस्ताक्षर इतने धुंधले हो चुके थे कि उन्हें पढ़ना मुश्किल था। परिवार ने कई बार यह जानने की कोशिश की कि इसे किसने बनाया है, लेकिन कोई पक्की जानकारी नहीं मिल पाई। पेंटिंग के पीछे लगे लेबल पर 'मिस डॉन वॉचोप का चित्र' लिखा था। इसी नाम के आधार पर लंबे समय तक इसे पहचाना जाता रहा। फिर साल 2025 में कहानी ने नया मोड़ लिया. हेलेन के बेटे बैरी ने पेंटिंग की पहचान का पता लगाने के लिए गूगल के एआई टूल जेमिनी की मदद ली। एआई ने पेंटिंग पर बने धुंधले हस्ताक्षरों को समझने की कोशिश की और उसके पीछे लगे लेबल की जांच करने का सुझाव भी दिया। इसके बाद परिवार ने पुराने नीलामी रिकॉर्ड खंगालने शुरू किए।



गलत नाम के साथ नीलामी में बेचा गया था

जांच के दौरान पता चला कि इस पेंटिंग को 1966 में गलत नाम के साथ नीलामी में बेचा गया था। उस समय इसकी कीमत सिर्फ 21 पाउंड थी। यह जानकारी मिलने के बाद परिवार ने स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग स्थित नीलामी घर लियोन एंड टर्नबुल से संपर्क किया। विशेषज्ञों की जांच में सामने आया कि यह पेंटिंग स्कॉटिश कलाकार फ्रांसिस कैपबेल बोइल्यू की बनाई हुई है। साल 1920 में तैयार की गई इस कलाकृति में एक महिला लाल रंग की कुर्सी पर बैठी नजर आती है। जांच में यह भी पता चला कि पेंटिंग में दिखाई गई महिला मे ईस्टर थीं, जो कलाकार के लिए मॉडल के तौर पर काम करती थीं।

पुरानी चीजों में छिपा रहता है इतिहास

आखिरकार जून 2026 में एडिनबर्ग में इस पेंटिंग की नीलामी हुई। इसकी कीमत 1,89,200 पाउंड लगी, जो भारतीय मुद्रा में करीब 2.5 करोड़ रुपए है। जिस पेंटिंग को परिवार दशकों से घर की दीवार पर देख रहा था, वही एक दिन इतनी बड़ी रकम दिला गई। यह कहानी दिखाती है कि कभी-कभी हमारे आसपास मौजूद पुरानी चीजों में भी अनमोल इतिहास छिपा होता है। सही जानकारी और एआई जैसी तकनीक की मदद से उस छिपी हुई पहचान को सामने लाया जा सकता है।

ये हैं दुनिया के 3 सबसे महंगे ब्लाउज

472 करोड़ का फैंटेसी ब्रेसियर पहनकर चर्चा में आई ये एक्ट्रेस

लॉस एंजिल्स। रियलिटी टीवी स्टार काइली जेनर ने दुनिया की सबसे महंगी ब्लाउज पहनकर छा गई हैं। कोईली ने 18 अक्टूबरको लॉस एंजिल्स में आयोजित एक फैशन शो में फैंटेसी ब्रेसियर पहनकर रैंप वॉक किया, जिसकी कीमत 50 मिलियन डॉलर यानी 472 करोड़ रुपए से ज्यादा है। 29 साल की काइली की इस ड्रेस ने फैशन जगत और सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। यह फैंटेसी ब्रेसियर 18 कैरेट सोने और 4,410 हीरों से बना है। आज हम आपको दुनिया की 3 सबसे महंगी फैंटेसी ब्रेसियर के बारे में बताते हैं?

गिसेल बुंडचेन ने पहना 15 मिलियन डॉलर का ब्लाउज

अभी तक ब्राजील की सुपरमॉडल गिसेल बुंडचेन की रेड हॉट फैंटेसी ब्रेसियर सबसे महंगा ब्लाउज बना हुआ था। साल 2000 में गिसेन ने इस ब्लाउज को पहना था, जिसमें 1,300 हीरे और थाई मणी जड़ी थी। यह सबसे महंगी लॉन्जरी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुई थी।



हाइडी क्लम की फैंटेसी ब्रेसियर की कीमत 12.5 मिलियन डॉलर

जर्मन मॉडल हाइडी क्लम ने 2001 में 12.5 मिलियन डॉलर की फैंटेसी ब्रेसियर पहनी थी। उस दौरान वह विक्टोरियाज सीक्रेट रनवे पर इसे पहनने वाली पहली मॉडल बन गई थीं। उनके इस ब्लाउज में 1,200 से ज्यादा गुलाबी नीलम, 2,300 सफेद हीरे और बीच में 90 कैरेट का एक बड़ा हीरा जड़ा गया था। इसके साथ एक मैचिंग डायमंड बेल्ट भी थी।

गिसेले बुंडचेन ने पहना 12.5 मिलियन डॉलर का ब्लाउज

गिसेले बुंडचेन ने 6 दिसंबर 2005 को न्यूयॉर्क में आयोजित विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में यह ब्लाउज पहना था। इसकी कीमत 12.5 मिलियन डॉलर थी। इसमें 2,900 हीरे लग थे, जिनका कुल वजन 108.37 कैरेट था। 38.25 कैरेट का 22 माणिक जड़ा था। हाइडी क्लम ने ही 2003 में 11 मिलियन डॉलर का ब्लाउज पहना था। इसमें 2,809 सफेद हीरे, पीले और नारंगी नीलम, रोडोलाइट और एमेथिस्ट जैसे कीमती रत्न लगाए गए थे, जिसका कुल करीब 2,200 कैरेट था।

गाय को नुकसान पहुंचाए बिना निकालते हैं खून, दूध में मिलाकर पीता है मसाई कबीला

नई दिल्ली। पूर्वी अफ्रीका के विशाल मैदानों में रहने वाला मसाई कबीला अपनी अनोखी और हैरान कर देने वाली परंपराओं के लिए दुनिया भर में मशहूर है। आधुनिकता की चकाचौंध से दूर यह कबीला आज भी अपनी सदियों पुरानी संस्कृति को संजोए हुए है। इनके जीवन में मवेशियों, खासकर गायों का स्थान सबसे ऊपर है। लेकिन, इस कबीले की एक ऐसी भी परंपरा है, जिसे सुनकर आधुनिक दुनिया के लोग दंग रह जाते हैं। मसाई लोग अपनी ताकत और पोषण के लिए गाय के खून को उसके दूध में मिलाकर पीते हैं। वो भी गाय को बिना नुकसान पहुंचाए।

शरीर पर टैटू की 40 परतें! 90 प्रतिशत शरीर पर चढ़ी है स्याही



नई दिल्ली। जब शौक जुनून की हदें पार कर जाए, तो इतिहास बन जाता है। आज हम आपको एक ऐसे शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके शरीर का शायद ही कोई कोना बचा हो जिसपर स्याही न चली हो। ओटावा। कनाडा के रहने वाले जेरेमी 'रेमी'स्कोफील्ड ने अपने शरीर पर

गोरे बदन को पूरी तरह नीला कर टैटू मैन ने दुनिया को चौंकाया

टैटू की ऐसी दास्तान लिखी है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इस अनोखी कहानी की शुरुआत साल 2005 में हुई थी, जब रेमी ने अपनी बाईं बांह पर अपने बेटे के नाम का पहला टैटू बनवाया था। उस समय उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस शौक में पूरी तरह डूब जाएंगे। अल्बर्टा के रहने वाले 38 वर्षीय रेमी पहले से ही बॉडी मॉडिफिकेशन के शौकीन थे और उनके शरीर पर 100 से ज्यादा पियर्सिंग भी थीं। लेकिन, जैसे-जैसे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, उन्होंने अपने इस शौक को एक नया मुकाम दे दिया। आज उनके शरीर का 90% से अधिक हिस्सा टैटू से ढका हुआ है।

त्वचा पर टैटू की 40 परतें और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

रेमी ने अपनी त्वचा पर एक या दो नहीं, बल्कि टैटू की लगभग 40 परतें जमा कर ली हैं। हैरानी की बात तो यह है कि उनके शरीर के कुछ हिस्से ऐसे हैं जहां 100 से भी अधिक बार टैटू बनवाए जा चुके हैं। उनके इसी अनोखे और अद्भुत समर्पण के चलते उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। रेमी का मानना है कि यह उपलब्धि उनके लिए किसी यूनिवर्सिटी की डिग्री हासिल करने जैसी ही है, जिसके पीछे सालों का धैर्य और मेहनत छिपी है।

चलता-फिरता कैनवास

रेमी अपने शरीर को एक ऐसा कैनवास मानते हैं जो लगातार बदलता रहता है। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि वह अपने बालों के उगने से ज्यादा तेजी से अपने टैटू का रूप और रंग बदल सकते हैं। उनके शरीर पर जहां एक तरफ फनी और अजीबोगरीब अंदरूनी चुटकुले वाले टैटू हैं, वहीं दूसरी तरफ उनके माता-पिता, उनके बेटे की मां और अपने पालतू कुत्ते की याद में बनवाए गए इमोशनल स्मृति चित्र भी शामिल हैं। रिकॉर्ड बनाने के बाद भी रेमी रुकने वाले नहीं हैं और वह आज भी नियमित रूप से साप्ताहिक टैटू सेशन के लिए जाते हैं।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com